दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

www.navpradesh.com | रायपुर, शनिवार 26 दिसंबर 2020, शुक्ल पक्ष द्वादशा, विक्रम संवत-2077 वर्ष-09 अंक-292 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

लोगों को उम्मीद थी की 2020 के जाते-जाते भारत से कोरोना भी विदा हो जाएग। 2021 में सब कुछ पहले जैसा हो जाएगा। दिसम्बर माह में कोरोना वायरस की रफ्तार पर ब्रेक भी लगा और वैक्सिन को लेकर खुशखबरी भी आई लेकिन साथ ही यह बुरी खबर भी आ गई है कि नए साल में कोरोना नए अवतार में आ रहा है। जो सत्तर गुना अधिक तेजी से फैलता है। इसकी वजह से इंग्लैड में फिर से लॉकडाउन की नौबत आ गई है और वहां से सैकड़ों लोग भारत भी आए है। भगवान जाने इस मुसीबत से कब पीछा छूटेगा?

खास- खबर

अस्पताल में एडमिट हुए रजनीकांत

हैदराबाद। अभिनेता रजनीकांत को तबीयत बिगड़ने पर हैदराबाद के अस्पतावल में एडमिट कराया है। दिग्गज अभिनेता ब्लड प्रेशर की समस्या से पीड़ित बताए जा रहे हैं। उनके रक्तचाप में अत्यधिक उतार-चढ़ाव के चलते उन्हें इलाज के लिए ले जाया गया है। हाल ही में राजनीतिक पार्टी बनाने का ऐलान करने वाले रजनीकांत की सेहत के बारे में अपोलो अस्पताल की ओर से बुलेटिन जारी किया गया है। अस्पताल की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'आज सुबह रजनीकांत अस्पताल में एडमिट हुए हैं।

केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद की मां का निधन

पटना(वार्ता)। केंद्रीय न्याय एवं विधि मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद की मां विमला देवी का कल देर रात यहां निधन हो गया। वह 91 वर्ष की थी। विमला देवी पिछ्ले कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। उन्हें इलाज के लिए यहां के अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनका देर रात निधन हो गया। श्रीमती देवी के पति एवं पूर्व मंत्री स्वर्गीय ठाकुर प्रसाद बिहार भाजपा के संस्थापकों में से एक थे। श्रीमती देवी के परिवार में केंद्रीय मंत्री श्री प्रसाद के साथ ही 3 पुत्र और तीन पुत्री हैं। पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए राजधानी पटना के नागेश्वर कॉलोनी के कवि रमण पथ स्थित आवास पर रखा गया है। उनका अंतिम संस्कार कल यहां दीघा घाट स्थित गंगा तट पर किया जाएगा।

कोरोना के नए स्ट्रेन के संभावित खतरे से निपटने स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव ने बताया सरकार का प्लान

ब्रिटेन से आने वालों को पॉजिटिव पाए जाने पर होम आइसोलेशन की अनुमति नहीं

कोविड सेंटर या अस्पताल में भर्ती होकर ही कराना होगा इलाज

■ ऐसे मरीजों में नए स्ट्रेन का पता लगाने देश की 6 लैब चिह्नांकित

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर/दुर्ग/कोरबा। ब्रिटेन में कोरोना वायरस के नए स्ट्रेन और वहां से छत्तीसगढ़ आ चुके लोगों के मद्देनजर प्रदेश सरकार भी अलर्ट हो गई है। नए खतरे की आशंका के मद्देनजर इससे निपटने के लिए राज्य सरकार नई रणनीति पर काम कर रही है। इसके बारे में स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने नवप्रदेश से खास बातचीत में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ब्रिटेन से आ चुके किसी भी व्यक्ति के कोराना पॉजिटिव पा जाने पर उसे होम आइसोलेशन की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्हें हर हाल में कोविड केयर सेंटर या अस्पताल में भर्ती होना होगा। उन्होंने बताया कि गुरुवार तक की स्थिति में प्रदेश में ब्रिटेन से 91 लोग लौट आए हैं। यदि इनमें से कोई पॉजिटिव पाया जाता है तो यह पता करने के लिए कि वह कोरोना वायरस के नए स्ट्रेन से संक्रमित है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सर्वाधिक लौटे रायपुर में, दूसरे नंबर पर दुर्ग

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि ब्रिटेन से सर्वाधिक यात्री रायपुर जिले 40 लौट आए हैं। जबकि दुर्ग दूसरे नंबर पर है, जहां 34 यात्री लौट आए हैं। जबकि अन्य 8 जिलों के 17 यात्री सूची में शामिल हैं, जो भारत सरकार द्वारा राज्य सरकार को सौंपी गई है।

दुर्ग लौटे लोगों में 3 पॉजिटिवः डॉ. सिंह

दुर्ग के सीएमएचओ डॉ. गंभीर सिंह ने बताया कि ब्रिटेन से दुर्ग लौट आए 34 में तीन लोगों को आरटीपीसीआर टेस्ट कराया गया है। तीनों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। अन्य की जांच की जा रही है। खास बात यह है कि देश में पहुंचने पर इन तीनों ने जहां अपना टेस्ट कराया था वहां उनकी रिपोर्ट निगेटिव आई थी, लेकिन अब पॉजिटिव आई है। अब इनके सैंपल एम्स रायपुर भेजे जाएंगे जहां से स्ट्रेन जांच के लिए इन्हें संबंधित लैब में भेजा जाएगा।

एनआईवी का मार्गदर्शन अहम

एम्स डायरेक्टर डॉ. नितिन एम. नागरकर ने बताया कि स्ट्रेन जांच की स्थिति में हम नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (एनआईवी) पुणे के मार्गदर्शन व उनसे समन्वय स्थापित कर काम करेंगे। एम्स की लैब भी एनआईवी पुणे से संबद्ध है, पर निर्णय वे ही लेंगे। स्ट्रेन से इतर भी वायरस अभी रहेगा ही। हम हर स्थिति में मरीजों की सेवा के लिए प्रतिबद्ध हैं।

जिलों से शनिवार को जानकारी मिलने की उम्मीद

राज्य कोविड कमांड सेंटर के मीडिया इंचार्ज ने कहा कि अभी जिलों में ब्रिटेन से लोगों को लोकेट कर उनकी जांच की जा रही है। जिलों से शनिवार तक जानकारी मिलने की उम्मीद है।

कोरबा के दो लौटे, दोनों क्वारंटाइन में

कोरबा से दो लोग छत्तीसगढ़ लौट आए हैं। इनमें एक महिला व एक पुरुष है। पुरुष को रायपुर में ही इंस्टीट्यूशनल क्वारंटाइन में रखा गया है।

रायपुर में आधे से ज्यादा के लिए जा चुके सैंपल : सीएमएचओ

रायपुर की सीएमएचओ ने बताया कि रायपुर में ब्रिटेन से लौट आए 40 लोगों में से गुरुवार दोपहर तक की स्थिति में आधे से ज्यादा के सैंपल जांच के लिए लिए जा चुके हैं। इनका टेस्ट भी हो गया। शनिवार तक सभी सभी की जांच करा ली जाएगी। हमें इनकी रिपोर्ट जल्द चाहिए इसलिए विभाग के कर्मचारियों को इनके घर भेजकर इनका सैंपल लिया जा रहा है। हालांकि अब तक किसी में भी लक्षण नहीं दिखे हैं। फिर भी घर उन्हें घर में ही रहने की सलाह दी गई है।

पीएम किसान सम्मान : मोदी ने सातवीं किश्त के 18 हजार करोड़ किए ट्रांसफर

■ कहा-किसानों के नाम पर अपनी विचारधारा आगे बढ़ा रहा विपक्ष

नई दिल्ली/ए.। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) के तहत मिलने वाले वित्तीय लाभ की अगली किस्त जारी की। उन्होंने एक बटन दबाकर नौ करोड़ किसान लाभार्थियों के खातों में 18,000 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए। इस योजना के तहत हर साल तीन किस्तों में किसानों के खातों में 6,000 रुपये भेजे जाते हैं। किसानों के खाते में दो-दो हजार रुपये की राशि तीन किस्तों में भेजी जाती है। प्रधानमंत्री ने इस योजना के लाभार्थियों के साथ संवाद भी किया और विपक्ष पर जमकर हमला बोला।

पीएम मोदी ने कहा कि विपक्ष किसानों के नाम पर अपनी विचारधारा को आगे बढ़ा रहा है और उनके बीच भ्रम फैला रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों के साथ बातचीत करते हुये कहा कि कुछ लोग यह भ्रम और झूठ फैला रहे हैं कि यदि किसान अनुबंध खेती करेंगे तो उनकी जमीन चली जायेगी। कुछ पार्टियां नये कृषि कानूनों का विरोध कर अपना राजनीतिक एजेंडा आगे बढ़ा रहे हैं।

96 हजार करोड़ की राशि हो चुकी ट्रांसफर

केंद्रीय कृषि मंत्री तोमर ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत अब तक 10 करोड़ 60 लाख किसानों के खातों में कुल 96 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की जा चुकी है।

किसान से पूछा- क्या जमीन ले गई कंपनी, जवाब मिला ना

पीएम मोदी ने किसानों से संवाद कार्यक्रम में सबसे पहले अरुणाचल प्रदेश के किसान गगन पेरिंग से बात की। उन्होंने बताया कि एफपीओ के तहत उनके साथ 446 किसान जुड़े हैं जो ऑर्गेनिक अदरक उगाते हैं। इसके बाद पीएम मोदी ने हल्के अंदाज में किसान गगन से पूछा कि क्या कंपनी सिर्फआपकी अदरक ले जाती है या साथ में जमीन भी ले जाते हैं?

कृषि कानून विवाद सुलझाने को राजनाथ ने दिया ट्रायल फॉर्मूला

■ बोले- कानूनों को एक-दो साल लागू करके देख लिया जाए लाभकारी नहीं लगे तो होंगे संशोधन

नई दिल्ली/ए.। कृषि कानूनों के खिलाफ चल रहे किसान आंदोलनों के बीच रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने समाधान के लिए बीच का रास्ता सुझाया है। राजनाथ सिंह ने कहा कि कानूनों को एक-दो साल लागू करके देख लिया जाए। रक्षामंत्री ने आंदोलनकारी किसानों से कृषि कानूनों पर चर्चा के लिए आगे आने की अपील करते हुए शुक्रवार को कहा कि यदि किसानों को कानून लाभकारी नहीं लगते तो सरकार उनमें संशोधन करेगी। राजनाथ ने आंदोलनकारी किसानों को अपने ही लोग बताते हुए कहा, 'धरने पर बैठे लोग किसान हैं और किसान परिवारों में जन्मे हैं। हम उनके प्रति बहुत सम्मान रखते हैं।' राष्ट्रीय राजधानी के द्वारका में एक रैली को संबोधित करते उन्होंने यह बात कही।

कानूनों के ट्रायल पर ये कहा राजनाथ ने

राजनाथ सिंह ने कहा कि अभी एक या दो साल के लिए कृषि कानूनों को लागू करने दिया जाए। इसे प्रयोग के तौर पर देखते हैं और यदि ये किसानों के लिए लाभकारी नहीं लगते तो सरकार हरसंभव संशोधन को तैयार रहेगी। उन्होंने कहा कि हर समस्या का समाधान बातचीत से निकल सकता है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों से बातचीत जारी रखने के पक्ष में हैं, इसलिए सरकार ने उन्हें न्योता भेजा है। सिंह ने सभी आंदोलनकारी किसानों से कृषि कानूनों पर बातचीत के लिए आगे आने की अपील की।

शोपियां फर्जी मुठभेड़ः सेना ने अफसरों के खिलाफ एकत्र किए सुबूत

श्रीनगर/ (वार्ता)। सेना ने शोपियां फर्जी मुठभेड़ में शामिल अपने अधिकारियों के खिलाफ सुबूत एकत्र करने का काम पूरा कर लिया है। इस मुठभेड़ में राजौरी जिले के तीन नागरिकों की मौत हो गयी थी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि फर्जी मुठभेड़ में शामिल जवानों की पहचान उजागर नहीं की गयी है। जांच संबंधी सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद सेना के दो अधिकारियों के कोर्ट मार्शल की कार्रवाई शुरू हो सकती है। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल राजेश कालिया ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि सुबूत एकत्र करने के कार्य की रिकार्डिंग की प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। आगे की कार्रवाई के लिए कानूनी सलाहकारों की मदद ली जा रही है। कर्नल कालिया ने कहा कि भारतीय सेना अभियानों की नैतिकता को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सेना के कानून के मुताबिक इस कार्रवाई की जानकारी उचित समय पर दी जायेगी।

पूरा मामला एक नजर में

दरअसल, सेना ने 18 जुलाई 2020 को शोपियां के अमशीपोरा में एक मुठभेड़ में तीन अज्ञात आतंकवादियों को मार गिराने का दावा किया था। सोशल मीडिया पर मारे गए आतंकवादियों की तस्वीरें आने के बाद उनके परिजनों ने इसका खंडन किया था। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

खुड़मुड़ा हत्या केस : पीड़िति परिजनों को सीएम ने बंधाया ढांढस

रायपुर/ए.। भूपेश बघेल ने शुक्रवार को खुड़मुड़ा गांव पहुंचकर एक ही परिवार के चार लोगों की जघन्य हत्या के पीड़ित परिजन से मुलाकत कर उन्हें ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हादसे में स्वर्गीय बालाराम सोनकर के परिवार के बचे 4 बच्चों की पढ़ाई का खर्च राज्य सरकार उठाएगी। चार बच्चों के लिए एक-एक लाख रुपए की राशि बैंक में फिक्स्ड डिपॉजिट की जाएगी। बच्चों के लालन पालन के लिए एक लाख रुपये परिजनों को दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री को परिजनों ने वारदात के संबंध में विस्तार से घटना की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने इस मामले में अब तक हुई जांच के संबंध में भी अधिकारियों से जानकारी ली।

मौसम | छत्तीसगढ़ में दो दिन में एक से दो डिग्री तक आ सकती है न्यूनतम तापमान में गिरावट, बढ़ सकती हे परेशानी

ठंड से राहत नहीं, आज और कल भी गिरेगा पारा

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। प्रदेश में कड़ाके की ठंड लगातार अपना असर दिखा रही है। लोग ठंड से बचाव के लिए अब गर्म कपड़ों के साथ ही अलाव का सहारा लेने लगे हैं। लेकिन मौसम फिलहाल प्रदेश के लोगों को राहत देने के मूड में नहीं है।

मौसम केंद्र रायपुर के वैज्ञानिक एचपी चंद्रा के मुताबिक अगले दो दिन यानी शनिवार व रविवार को न्यूनतम तापमान में और गिरावट दर्ज की जा सकती है। यह गिरावट 1 से 2 डिग्री की हो सकती है। इस गिरावट से ठंड में और इजाफा होगा। चंद्रा के मुताबिक अगले दो दिन मौसम शुष्क रहेगा और आसमान साफ रहेगा। इस बीच उत्तर पूर्व से आनी वाली शुष्क व ठंडी हवाओं से प्रदेश में ठंड बढ़ती जा रही है।

शुक्रवार को जगदलपुर सबसे ठंडा

मौसम केंद्र की वेबसाइट के मुताबिक, शुक्रवार को 8.1 डिग्री न्यूनतम तापमान के साथ जगदलपुर प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। वहीं 8.9 डिग्री के साथ अंबिकापुर दूसरे स्थान पर रहा। रायपुर में 14.4 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। जबकि बिलासपुर व पेंड्रारोड में यह 12.0 व 10.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

ये आंकड़े भी दे रहे कड़ाके की ठंड की गवाही

शुक्रवार को कृषि विज्ञान केंद्र जशपुर में न्यूनतम तापमान 4.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। एएमएफयू अंबिकापुर में यह आंकड़ा 6.4 डिग्री रहा। कृषि विज्ञान केंद्र बैकुंठपुर में न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्र सेल्सियस रहा। जबकि कांकेर एग्रोमेट ऑब्जर्वेटरी में यह 10.4 डिग्री दर्ज किया गया।

उधर, लेह में पारा -17.2 डिग्री कश्मीर में हो सकती है बर्फबारी

श्रीनगर। कश्मीर घाटी में तापमान सामान्य से नीचे रहने के बावजूद रात के तापमान में सुधार आया जहां शनिवार से तीन दिनों तक हल्के से भारी हिमपात होने का अनुमान जताया गया है। इस दौरान केन्द्र शासित प्रदेश लद्दाख के अधिकतर जलाशयों में बर्फ जम गई है जहां सीमांत शहर कारगिल सबसे ठंडा स्थान रहा और न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 17.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

ब्रिटेन में छह लाख से अधिक लोगों को लग चुकी वैक्सीन

लंदन/ (वार्ता)। ब्रिटेन में कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी की दूसरी लहर के बीच इसके संक्रमण से बचाव के लिए टीकाकरण का अभियान तेजी से चलाया जा रहा है और अब तक छह लाख से अधिक लोगों को इसकी वैक्सीन लगायी जा चुकी है। ब्रिटेन के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक देश में अब तक छह लाख से अधिक लोगों को दवा निर्माता कंपनी फाइजर-बायोएनटेक की कोरोना वैक्सीन की पहली खुराक लगाई जा चुकी है। ब्रिटेन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान जारी कर कहा, 'लॉजिस्टिक संबंधी कड़ी चुनौतियों के बावजूद राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा के कर्मचारियों ने शानदार काम किया है। ब्रिटेन में अब तक 6,16,933 लोग कोरोना वैक्सीन की पहली खुराक ले चुके हैं।' इंग्लैंड में 5,21,000, स्कॉटलैंड में 56,000, वेल्स में करीब 22 हजार जबकि उत्तरी ऑयरलैंड में 16 हजार से अधिक लोग कोरोना वैक्सीन की पहली खुराक ले चुके हैं।

न्यूज गैलरी

टाइटैनिक कप आज

कुम्हारी। पूर्व क्रिकेटर अमृत टांक, केएस चौबे, आरएस राजोरिया के सम्मान के साथ स्नेहमिलन एवं क्रिकेट मैच का आयोजन आज प्रातः 9 बजे से डीएमसी ग्राउंड में खेल जाएगा।

परिजनों हेतु आर्थिक सहायता स्वीकृत

दुर्ग। प्राकृतिक आपदा से मृत्यु हो जाने पर मृतक के परिजनों के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की। स्व. हीराबाई यादव और स्व. मनीराम यादव की मृत्यु होने उनके परिजनों के लिए क्रमशः 4 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

क्षेत्र में बहेगी विकास की गंगा : गृहमंत्री

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। गृह एवं लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू के प्रयास से ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत निगम के वार्डों में विकास कार्य संपादित किए जाएंगे। इसके लिए गृहमंत्री के साथ ही जिले के प्रभारी मंत्री की अनुशंसा के आधार पर कलेक्टर जिला योजना एवं सांख्यिकी द्वारा राशि प्रदाय कर दी गई है। निगम के वार्ड 2, 3, 4 एवं 6 में चबूतरा निर्माण हेतु 1.50 लाख, दुर्गा चैक मंच के समीप मरोदा टैंक में अतिरिक्त कमरा निर्माण हेतु 1.50 लाख, बजरंग चैक वार्ड.3 ग्राम रुआबांधा में बरामदा निर्माण हेतु 2 लाख, गौरा चौक के पास रुआबांधा में टाइल्स एवं फर्स लगाने हेतु 49 हजार 546, वार्ड 7 संतु सेलून के सामने दरगाह टंकी मरोदा में पेवर ब्लाक कार्य हेतु 1 लाख तथा शीतला मंदिर के पास टंकी मरोदा में ओपन जिम कार्य हेतु 2 लाख 59 हजार 240 की राशि तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति के आधार पर निगम को प्रदाय की गई है। इसी कड़ी में जिले के प्रभारी मंत्री अकबर की अनुशंसा पर ग्राम टंकी मरोदा में गोंडवाना समृद्धि समिति के पास अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु 1.50 लाख राशि प्रदाय की। आज निगम वार्ड रूआबांधा के झिरिया पारा में पूर्व पार्षद फंड से निर्मित कोसरिया यादव समाज सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस महासचिव जितेन्द्र साहू, राजेन्द्र रजक, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुकुंद भाऊ, महामंत्री चन्द्रकांत कोरे, एल्डरमेन प्रेमचंद, संगीता सिंह, अनुप डे, अमनदीप सोढ़ी सहित समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।

स्टील मेल्टिंग में नया कीर्तिमान

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र की मॉडेक्स इकाई स्टील मेल्टिंग शॉप-3 ने 20 दिसम्बर को पाली रिकॉर्ड बनाने में कामयाबी हासिल की। 20 दिसम्बर को द्वितीय पाली में 21 हीट्स का उत्पादन कर सर्वश्रेष्ठ शिफ्ट रिकॉर्ड बनाने में सफलता पाई। इससे पूर्व एसएमएस-3 ने 18 दिसम्बर के रात्रि पाली में 20 हीट्स निर्माण का रिकॉर्ड बनाया था। इस रिकॉर्ड को उन्होंने 20 दिसम्बर को ध्वस्त करते हुए 21 हीट्स का एक नया पाली रिकॉर्ड बना डाला। इस नये पाली आँकड़े में उछाल के साथ ही बीएसपी का एसएमएस-3 अपने मापित उत्पादन क्षमता को हासिल करने में सतत् आगे बढ़ रहा है। इन उपलब्धियों में एसएमएस-3 बिरादरी के साथ ही इसके सहयोगी विभागों ने भी उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। ज्ञात हो कि एसएमएस-3 द्वारा बार एवं रॉड मिल, वायर रॉड मिल और मर्चेन्ट मिल को बिलेट्स तथा यूनिवर्सल रेल मिल को ब्लूम्स की आपूर्ति की जाती है।

वोरा निवास में देश व प्रदेश के नेताओं का आना जारी

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। दिग्गज कांग्रेसी व देश के सर्वमान्य सर्वग्राह्य निर्विवाद नेता रहे मोतीलाल वोरा के निधन से शीर्ष कांग्रेस नेतृत्व को हुई बड़ी क्षति के बीच श्री वोरा के निवास में उनके पुत्र विधायक अरुण वोरा सहित परिजनों का दुख साझा करने देश व प्रदेश के बड़े नेताओं का आना निरंतर जारी है। अंतिम संस्कार में उमड़ी भीड़ व बड़े नेताओं की मौजूदगी के बाद सम्मिलित नहीं हो सके नेता किसी ना किसी माध्यम से वोरा परिवार के साथ खड़े होने का प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को वरिष्ठ भाजपा नेता अजय चंद्राकर, शिवरतन शर्मा, रजनीश सिंह, देवजी भाई पटेल, कृष्ण मूर्ति बांधी, रंजना दीपेंद्र साहू, डमरूधर पुजारी, विधान मिश्रा, लीलाराम भोजवानी, जोगी कांग्रेस के नेता धर्मजीत सिंह, बसपा विधायक सौरभ सिंह वोरा निवास पहुंचे और अपनी शोक संवेदना प्रकट की। सभी ने बाबूजी के साथ जुड़ी अपनी यादों को विधायक वोरा से साझा करते हुए उनकी दी हुई सीख को याद किया। उनके विशाल व्यक्तित्व के बारे में पक्ष विपक्ष के नेता पूरी तरह से एक मत हैं। 2 जनवरी को तय की गई श्रद्धांजलि सभा मे भी बड़े नेताओं की मौजूदगी रहने की पूरी संभावना है।

आरोपियों के खिलाफ दर्ज नहीं हुई एफआईआर

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। राज्य स्तरीय बेंच प्रेस व डेड लिफ्टिंग प्रतियोगिता में मारपीट की घटना का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। प्रतियोगिता के दौरान दुर्ग के जिम ट्रेनर प्रकाश चक्रवर्ती से हुई मारपीट को लेकर आज एसपी से शिकायत की गई है। शिकायत में कहा गया है कि प्रकाश चक्रवर्ती से मारपीट के बावजूद उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। उलटे मारपीट करने वाले लोग पीड़ित के खिलाफ निराधार आरोप लगा रहे हैं। प्रेस कांफ्रेंस में प्रकाश चक्रवर्ती ने कहा है कि प्रतियोगिता के दौरान बिलासपुर के खिलाड़ियों द्वारा लगातार भेदभाव किया जा रहा था। प्रतियोगिता के आयोजकों से इसकी शिकायत की लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। प्रतियोगिता के निर्णायकों से भी शिकायत की गई जिसे उन्होंने सही करार दिया। इस मामले में हुए विवाद के बाद भेदभाव और नियम तोड़ने वाले बिलासपुर और दुर्ग के खिलाड़ियों ने शिकायत कर्ता से मारपीट कर दी। प्रतियोगिता में गड़बड़ी की चक्रवर्ती पर रॉड और प्लेट से प्राणघातक हमला किया गया। उनके सिर से खून बहने लगा। अस्पताल ले जाने पर उनके सिर पर 9 टांके लगाए गए। वह दो दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहा। मारपीट करने वाले बिलासपुर के मोनीश बंजारे, राहुल सारथी, निसार अहमद, दुर्ग के निखिलेश मून श्रीनू राव के खिलाफ अभी तक अपराधिक प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है।

भाजपा के सुशासन दिवस पर याद किए गए अटल

नवप्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। भाजपा जिला संगठन द्वारा निर्देशित 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाने वार्ड 15 में बैठक आहूत की गई थी। बैठक में सर्वप्रथम पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया व उनके जीवनी पर राजू निषाद, नेता प्रतिपक्ष लोकेश साहू, तृप्ति चंद्राकर, वार्ड पार्षद रागिनी निषाद, वरिष्ठ नेता राकेश पांडेय, मंडल अध्यक्ष पीएन दुबे अपने विचार रखें। कार्यक्रम का संचालन गोल्डी गोस्वामी ने किया व समापन की घोषणा दीपक चतुर्वेदी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से फिंगेश्वर साहू, मनोज पटेल, घनश्याम सिन्हा, दीपक साहू एवं सुजीत यादव उपस्थित थे।

आयुक्त का औचक निरीक्षण

रिसाली (नवप्रदेश)। अपर कलेक्टर व आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे निगम वार्डों के मार्गों व नालियों के सफाई व्यवस्था देखने सुबह 7 बजे से निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में पहुंच कर औचक निरीक्षण कर रहे है। शुक्रवार को निगम आयुक्त ने रूआबांधा के झिरिया पारा पहुंचकर नाली व मार्गों की सफाई व्यवस्था देखी। इस दौरान आयुक्त ने मुख्य मार्ग के नाली सफाई के साथ.साथ अंदरूनी व तंग गलियों की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने क्षेत्र के अंदरूनी मार्गों व नाली की सफाई हेतु उचित दिशा निर्देश मौके पर उपस्थित जोनल सतीश देवांगन एवं वार्ड सुपरवाइजर रामा राव को दिए।

बिना मास्क के व्यवसाय पर वसूला जुर्माना

कोविड.19 के नये रूप स्ट्रेन वायरस के खतरे को भांपते हुए निगम आयुक्त के निर्देश पर अधिकारी पहुंच रहे है निगम वार्डों के व्यवसायिक स्थलों व दुकानदारों के बीच। गौरतलब है कि ब्रिटेन में कोविड.19 का एक और आक्रमक रूप स्टेन वायरस के ज्यादा संक्रामक होने से व दुर्ग भिलाई में लंदन से लोगों का आमजद को लेकर शासन.प्रशासन की चिंता बढ़ गई हैं।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार
मा.क्रं. 20201210100055
विषयः अ-06 वर्ष 2020-21
कोहका प.ह.न. 00019 हे.)
पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार-
श्रीमती संगीता नागपुरे
अनावेदक पक्षकार-
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती संगीता नागपुरे पति महेश लिल्हारे पता सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 19 रा.नि.म. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 5995/3 रकबा 0.007 हे. अर्थात 900 वर्गफीट भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता श्री बंसी अग्रवाल पिता लाजपत राय से क्रय किए जाने के आधार पर अपने नाम नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय बैनामा की छाया प्रति प्रस्तुत किया गया है।
उपरोक्त भूमि का नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर या दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 29.12.2020 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपनाा आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08.12.2020 को जारी किया गया है।
मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सुमन स्वर्णकार पति सुभाषचन्द्र सोनी निवासी ग्राम गयानगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 852/49 रकबा 1125 वर्गफीट भूमि को विक्रेता श्रीमती प्रमिला देवांगन पति ईश्वरी प्रसाद देवांगन निवासी गयानगर दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 05.11.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 11.01.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 24.12.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई 03 जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र.//ब-121/वर्ष 2020-21
एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम खुडमुड़ा प.ह.नं. 05 रा.नि.मं. भिलाई 03 तह. पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक तुलसीराम पिता गोपाल सोनकर निवासी खुड़मुड़ा तह. पाटन जिला दुर्ग के द्वारा अपना नाम मौजा ग्राम खुड़मुड़ा प.ह.न. 05 रा.नि.मं. भिलाई 03 तह. पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नं. 208/3 रकबा 0.020 हे. पर नाबालिग कुलेश्वर पिता तुलसीराम सोनकर लिखा गया है। जिसमें नाबालिग शब्द विलोपित करने बाबत् आवेदन प्राप्त हुआ है। जिसमें किसी भी व्यक्ति को उक्त नाम पर नाबालिग विलोपित किए जाने में आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 14.01.2021 तक आपत्ति पेश कर सकते है।
आज दिनांक 14.12.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी।
मुहर
नायब तहसीलदार
भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय श्रीमान अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
मा.क्र.//अ-06/ वर्ष 2019-20
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राकेश कुमार साहू पिता बुधराम साहू साकिन सरोजनी धनोरा मार्ग दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की क्रयशुदा भूमि ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तहसील व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 599/3 रकबा 0.020 हें भूमि को पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 25.11.2020 के आधार पर विक्रेता बुधूराम साहू पिता गणेशीराम के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज कराने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण विचाराधीन है।
अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 28.12.2020 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा
आज दिनांक 05.12.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।
मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
पंजी. 202012100400446
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती उज्जवला भोंदले पति प्रभूलाल भोंदले निवासी जुनवानी भिलाई जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम चिखली प.ह.न. 11 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 315/81 रकबा 0.030 हें/ 3000 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।
अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.12.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
पंजी. 202012100400
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री विनय तिवारी आ. वशिष्ट तिवारी निवासी हुडको भिलाई जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम हनोदा प.ह.न. 31 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 524/51 रकबा 0.026 हें/ 2850 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।
अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.12.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
पंजी. 202012100400342
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक हरण कुमार दास / देबु दास निवासी देवकर साजा द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम चिखली प.ह.न 11 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 315/94, 315/95 रकबा 0.012, 0.010 हें 2200 वर्गफीट के अवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) तहत् प्रस्तुत पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।
अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
यह उद्घोषणा आज दिनांक 14.12.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र
रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री पुलक कुमार नाग | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202012100400301
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री पुलक कुमार नाग आ. श्री पी.के. नाग निवासी 6/ए सड़क नं. 03 सेक्टर 10 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।
अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह. व जिला दुर्ग	756/2	0.020 हें 2400 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह उद्घोषणा आज दिनांक 14.12.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र
रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री प्रलव कुमार नाग | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202012100400300
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री प्रलव कुमार नाग आ. श्री पी.के. नाग निवासी 10/ए सड़क नं. 33 सेक्टर 10 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।
अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह. व जिला दुर्ग	756/3	0.020 हें 2400 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह उद्घोषणा आज दिनांक 14.12.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्री मुकेश कुमार आ. शत्रुहन लाल साकिन उतई के द्वारा ग्राम उतई प.ह.न. रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1251 का टु. रकबा 0.008 हे. भूमि महेन्द्र वर्मा आ. मु. तरफ से बिझवारिन अन्य एक से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 21.03.2014 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 31.12.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा
आज दिनांक 17.12.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।
मुहर
नायब तहसीलदार
दुर्ग 01 (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
पंजी. 202012100400354
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री पुनीत कौशिक आ. बिसेशर कौशिक निवासी शंकरनगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बघेरा प.ह.न. 07/अ तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 176/45 रकबा 0.017 हें/ अर्थात 1800 वर्गफीट के व्यवसायिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।
अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
यह उद्घोषणा आज दिनांक 17.12.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
पंजी. 202012100400353
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री पिताम्बर पटेल आ. फामुराम पटेल निवासी राजीव नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बघेरा प.ह.न. 07/अ तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 183/23 रकबा 0.013 हें/ अर्थात 1400 वर्गफीट के व्यवसायिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।
अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
यह उद्घोषणा आज दिनांक 17.12.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र
रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्रीमती रीता देवी सक्सेरिया | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202012100400324
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती रीता देवी सक्सेरिया पति श्री कमल कुमार सक्सेरिया निवासी न्यू सिविक सेंटर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।
अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह. व जिला दुर्ग	934/38	0.012 हें 1275 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.12.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र
रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्रीमती रुखमनी जंघेल | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202012100400478
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती रुखमनी जंघेल पति श्री साहेबलाल जंघेल निवासी स्टेट बैंक के पास गंडई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।
अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कोहका प.ह.न. 19 तह. व जिला दुर्ग	834/23	0.020 हें 2259 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.12.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
पंजी. 202012100400485
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती मीनाक्षी मसीह पति मनीष कुमार मसीह निवासी सेक्टर 04 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बघेरा प.ह.न 07 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 93/121 रकबा 0.025 हें भूमि के अवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) तहत् प्रस्तुत पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।
अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
यह उद्घोषणा आज दिनांक 23.12.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
पंजी. 202012100400484
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री बंशीलाल चन्द्रवंशी आ. स्व. लतेलसिंह चन्द्रवंशी निवासी सेक्टर 06 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बघेरा प.ह.न 07 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 93/106 रकबा 0.018 हें भूमि के अवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) तहत् प्रस्तुत पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।
अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
यह उद्घोषणा आज दिनांक 23.12.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
पंजी. 202012100400495
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती आशा कटारे पति बाबूराम कटारे निवासी नेहरु नगर भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बघेरा प.ह.न 07 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 85/6 रकबा 0.012 हें भूमि के अवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) तहत् प्रस्तुत पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।
अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
यह उद्घोषणा आज दिनांक 23.12.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
पंजी. 202012100400486
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती ज्योति चन्द्रवंशी पति उत्तम कुमार चन्द्रवंशी निवासी सेक्टर 06 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बघेरा प.ह.न 07 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 93/114 रकबा 0.015 हें भूमि के अवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) तहत् प्रस्तुत पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।
अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
यह उद्घोषणा आज दिनांक 23.12.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
पंजी. 202012100400492
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती मिलन पति पतिराम निवासी सेक्टर 06 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बघेरा प.ह.न 07 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 93/111 रकबा 0.027 हें भूमि के अवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) तहत् प्रस्तुत पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।
अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
यह उद्घोषणा आज दिनांक 23.12.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21
ई.पंजी. 202012100700298
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री नागेन्द्र सिंह ठाकुर पिता नारद ठाकुर निवासी ग्राम नयापारा नदी रोड दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 40/5 रकबा 0.007 हे. भूमि को विक्रेता शंकरलाल साहू पिता स्व. बहादुर निवासी ग्राम जवाहर नगर दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 19.11.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12.01.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 21.12.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार
मा.क्रं. 20201210100138
विषयः अ-6 वर्ष 2020-21
ढौर प.ह.न. 00017 हे.
पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार-
श्रीमती जरीना खातून
अनावेदक पक्षकार-
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती जरीना खातून पति एम.ए. अंसारी पता कोहका द्वारा ग्राम ढौर प.ह.न. 17 रा.नि.म. जामुल तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 215/1 रकबा 0.440 हे. भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता ढालसिंह पिता स्सेव दशरथ से क्रय किए जाने के आधार पर अपने नाम नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय बैनामा की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।
उपरोक्त भूमि का नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर या दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 05.01.2021 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपनाा आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21.12.2020 को जारी किया गया है।
मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार
मा.क्रं. 20201210100151
विषयः अ-74 वर्ष 2020-21
कोहका प.ह.न. 00019 हे.
पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार-
श्रीमती आदर्श कौड़ा
अनावेदक पक्षकार-
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती आदर्श कौड़ा पति श्री नवीन कौड़ा पता भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 19 रा.नि.म. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 8509/3 रकबा 240 वर्गफीट भूमि श्रीमती आदर्श कौड़ा पति श्री नवीन कौड़ा के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि की ऋण पुस्तिका कही गुम हो जाने के कारण डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्राप्त किए जाने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।
उपरोक्त भूमि का नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर या दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 05.01.2021 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपनाा आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22.12.2020 को जारी किया गया है।
मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर (छ.ग.)

प्रभु यीशु ने प्रेम, दया, करूणा का मार्ग दिखाया : सीएम

■ मुख्यमंत्री ने राजधानी के सेन्ट पॉल केथेड्रल पहुंचकर मसीही समाज सहित प्रदेशवासियों को दी 'क्रिसमस' की शुभकामनाएं

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शुक्रवार को क्रिसमस पर्व पर राजधानी रायपुर के सेन्ट पॉल केथेड्रल पहुंचकर मसीही समाज के लोगों से मुलाकात की। प्रभु की प्रार्थना में शामिल हुए और मसीही समाज सहित प्रदेशवासियों को प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिन 'क्रिसमस' की बधाई और शुभकामनाएं दी और प्रभु यीशु से सभी लोगों के लिए सुख, समृद्धि की कामना की।

मुख्यमंत्री बघेल ने इस अवसर पर कहा कि प्रभु यीशु मसीह ने संपूर्ण मानव जाति के कल्याण के लिए हमें प्रेम, दया, करूणा और सेवा का मार्ग दिखाया। आज एक महान दिन है, आज ईश्वर की दया, प्रेम और करूणा के लिए उन्हें धन्यवाद कहने का दिन है। हमें उनके बताए मार्ग पर चलने और उनकी शिक्षाओं को अपने आचरण में अपनाने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम छत्तीसगढ़ के लोग परंपरागत रूप से प्रेम, सौहार्द्र, भाई-चारे, करूणा और दया के रास्ते पर चलने वाले लोग हैं। हम जिस छत्तीसगढ़ के निर्माण का सपना देखते है, वह इन्हीं गुणों से परिपूर्ण छत्तीसगढ़ होगा। नवा छत्तीसगढ़ के निर्माण का सपना, प्रभु यीशु मसीह के सपनों को साकार करने का ही सपना है। आइए हम सब इस सपने को जल्द से जल्द साकार करने के लिए जुट जाएं।

मंत्री भगत सहित ये जनप्रतिनिधि भी रहे मौजूद

इस अवसर पर खाद्य एवं संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत, नगर निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर, छत्तीसगढ़ राज्य गृह निर्माण मण्डल के अध्यक्ष और विधायक कुलदीप जुनेजा, छत्तीसगढ़ राज्य अल्प संख्यक आयोग के अध्यक्ष महेन्द्र छाबड़ा, विधायक डॉ. श्रीमती रेणु जोगी, नगर निगम रायपुर के सभापति प्रमोद दुबे, छत्तीसगढ़ डायसिस के बिशप राबर्ट अली, पादरी अजय मार्टिन, प्रथम महिला श्रीमती डॉरथी अली, डीकन मर्कुश केजु, सेवक अब्राहम दास और इस्माइल मसीह, चर्च कोर्ट के अध्यक्ष जॉन राजेश पॉल, सचिव केनस नायक, चर्च के सचिव आशीष अनुराग सालोमन सहित पास्ट्रेट कमेटी, महिला सभा और संडे स्कूल के पदाधिकारीगण तथा मसीही समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

आलमारी में रखे 70 हजार रुपयें चोरी,नौकरानी पर संदेह

रायपुर। आलमारी में रखे 70 हजार रुपयें किसी ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट डीडीनगर थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार आरडीए कालोनी ब्लॉक नंबर 113 रायपुरा निवासी रानी शर्मा आयु 31 वर्ष पति रितेश शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थिया इवेन्ट का काम करती है,जिसके चलते उसे बाहर जाना पड़ता है। 01 दिसंबर को अपने आलमारी में 70 हजार रुपयें लॉकर में रखकर आलमारी में ताला लगा चाबी बगल वाले रुम में रख दी थी। 14 दिसंबर को पैसे की जरुरत पड़ने पर आलमारी के लॉकर खोलने पर उसमें रखा रुपयें नही था। पैसा रखते समय घर में काम करने वाली नौकरानी वही मौजूद थी व पीड़िता के अलावा घर में उसकी बहन जयश्री रहती है। पीड़िता ने संदेह जताया है कि उसकी नौकरानी ने रुपयें आलमारी में से निकाल लिये है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

पूर्व प्रेमी ने दी अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी, मामला दर्ज

रायपुर। युवती का अश्लील फोटों सोशल मीडिया पर वायरल कर जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध कायम मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बड़े उरला रायपुर निवासी पीड़ित 22 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि पीड़िता का ग्राम केन्द्री रायपुर निवासी मोहित कुमार वर्मा 25 वर्ष से पूर्व में जान पहचान व बातचीत था। 22 दिसंबर को सुबह 9 बजे बस स्टैण्ड अभनपुर गिलहरे काम्पलेक्स के सामने मोहित कुमार वर्मा ने आकर बात -चीत नही करती है कहकर गाली-गलौच किया व जान से मारने की धमकी देकर गंदी फोटों सोशल मीड़िया पर वायरल करने की धमकी दिया है।

जुआ खेलते 6 गिरफ्तार नगदी 11 हजार 460 रुपये व 52 पत्ती जब्त

रायपुर। जुआ खेलने की सूचना पर 6 जुआरियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने 11 हजार 460 रुपयें एवं ताश की 52 पत्ती जब्त की है।

मिली जानकारी के अनुसार राखी पुलिस को क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबीर की सूचना पर ग्राम तेन्दुआ व खण्डवा के सार्वजनिक स्थान बरचपला खार में जुआ खेलने की सूचना मिलने पर रेड की कार्रवाही के दौरान घेराबंदी कर 6 जुआरियों को मौके से गिरफ्तार कर उनके पास से नगदी 11 हजार 460 रुपयें एवं ताश की 52 पत्ती जब्त की है।

सूने मकान में 10 लाख के जेवरातों की चोरी ,मामला दर्ज

रायपुर। बैकुण्ठ सीमेन्ट कंपनी के माइंस ड्रिलिंग व ब्लास्टिंग इंजार्ज के मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवारात चोरी कर लेने की रिपोर्ट तिल्दा नेवरा थाने में दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार स्टाप कालोनी बैकुण्ठ नेवरा निवासी सतवीर सिंह 45 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 20 से 23 दिंसबर के मध्य किसी ने प्रार्थी के मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिय है। प्रार्थी अवकाश पर होने के चलते परिवार सहित इंदौर गया हुआ था। कंपनी में सुरक्षा प्रमुख ने 23 दिसंबर को रात 09 बजे फोन पर सूचना दिया कि पीड़ित के मकान में लगा ताला टुटा हुआ है ऐसा लग रहा है जैसे चोरी हुई है। इसकी सूचना पर दूसरे दिन 24 दिसंबर को इंदौर से वापस बैकुण्ठ आया तब मकान का कुंदा कटा हुआ मिला व कमरे में रखे आलमारी का लॉक तोड़कर किसी ने लॉकर में रखे सोने का झूमका 5 तोला,सोने का कंगन 3.5 तोला,सोने का गले का सेट व कान का 2 तोला 6 ग्राम कान का सोने का पैंडल 1 तोला,सोने की चैन 2.5 तोला,सोने का चैन पेंडल व कान का टाप्स 1 तोला,सोने की चैन रेडियम पालिस एक नग 22 ग्राम,डिजाईन वाली डायमंड टाप्स व सोने की चैन 23 ग्राम सोने की चैन व कान के टाप्स 20 ग्राम,सोने के पैंडल व अंगुठी कान का व गले का 16 ग्राम सोने के टाप्स,डायंड रिंग व सोने के सिक्के सहित जेवरात 39 ग्राम,चांदी का सिक्का 200 ग्राम व चांदी का गिलास आदि किसी ने चोरी कर लिया है।

5 नग सोने का चैन,सोने का सिक्का, डायमंड टाप्स ,गले का सेट सहित अन्य जेवरात चोरी

तीन मोटरसाइकिल चोरी ,मामला दर्ज

रायपुर। हॉट बाजार के पास पार्किग में खड़ी पल्सर मोटरसाइकिल चोरी कर लेने की रिपोर्ट सिविल लाईन थाने में दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार शंकर नगर खम्हारडीह निवासी जितेन्द्र सिकरवार ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 23 दिसंबर को सुबह 8.30 बजे पीड़ित ने अपनी बजाज पल्सर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04एलएफ 6973 अनुमानित कीमत 25 हजार रुपयें को जीवन प्लाजा हाट बाजार के सामने पार्किग में लोधीपारा के पास खड़ी कर कंपनी की चार पहिया वाहन से ड्यूटी चला गया था,शाम 7.30 बजे वापस आया तब गंतव्य स्थान पर मोटरसाइकिल नही मिली। किसी ने मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। इसी तरह सिलतरा निवासी कृष्ण कुमारी चंद्रा 34 वर्ष पति लोनाथ चंद्रा ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 22 दिसंबर को मंडई मेला देखने बाजार चौक सिलतरा धरसींवा अपने पति के साथ गई थी।

राज्यपाल ने पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की जयंती पर किया उन्हें नमन

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने राजभवन में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। राज्यपाल ने कहा कि श्री वाजेपयी जी के प्रधानमंत्रित्व काल में मुझे राज्यसभा सदस्य मनोनीत होने का अवसर प्राप्त हुआ और राज्यसभा सांसद के रूप में सदन में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात रखी और कई विदेश यात्राएं भी की। उनके द्वारा दी गई सीख मेरे जीवन में काफी मायने रखती है। उनके आशीषवचन के रूप में कहे गए एक-एक शब्द मुझे प्रात्साहित करते थे।

श्री वाजपेयी ने अपने प्रधानमंत्रित्व काल में स्वर्णिम चतुर्भुज योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसे अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं को मूर्त रूप प्रदान किया, जिससे हमारे देश की आधारभूत संरचना मजबूत हुई। उन्होंने ग्रामीण और कृषि क्षेत्र की मजबूती के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया, उनके समय राष्ट्रीय कृषि नीति-2000 घोषित की गई, जिसके माध्यम से कृषकों के जीवन स्तर उन्नयन के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए गए और ग्रामीण अधोसंरचना भी मजबूत हुई। उनकी सोच समाज के अंतिम व्यक्ति का कल्याण करना था। इसी सोच के फलस्वरूप उनके शासनकाल में अंत्योदय अन्न योजना शुरू की गई, जिससे गरीबी रेखा से नीचे आने वाले परिवारों को सस्ती दरों पर खाद्यान्न दिया गया। श्री वाजपेयी जी ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया और उनके विकास वादी दृष्टिकोण का ही परिणाम है कि आज छत्तीसगढ़ राज्य विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वे ओजस्वी वक्ता, लेखक और कवि भी थे, जिनकी लिखी हुई कविता मन को छूने वाली और प्रेरणादायी है। उनकी लिखी हुई इन पंक्तियों को दोहराते हुए मैं पुनः उन्हें नमन करती हूं:-

बाधाएं आती है आएं,
घिरें प्रलय की घोर घटाएं,
पावों के नीचे अंगारे,
सिर पर बरसें यदि ज्वालाएं,
निज हाथों में हंसते-हंसते,
आग लगाकर जलना होगा।

प्रार्थना

रायपुर। ईसाई धर्म के प्रमुख त्योहारों में से एक क्रिसमस पर्व शुक्रवार को राजधानी रायपुर के गिरजाघरों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । गिरजाघरों में सर्वप्रथम प्रार्थनासभाओं के साथ इस पर्व की शुरुआत हुई।

खुड़मुड़ा हत्याकांड की सीबीआई जांच हो : गजेन्द्र सोनकर

रायपुर। शहर के आसपास के क्षेत्रों में खेती करने वाले कृषकों की जान आफत में है। आमतौर पर कृषि कार्य अपने रकबे की भूमि में दूर जाकर ही किसान करते हैं किन्तु जब हत्याएं होने लगे तो मामला संगीन हो जाता है। हॉल ही 21 दिसम्बर को अज्ञात हत्यारों ने जिस तरह से बालाराम सोनकर परिवार के 4 सदस्यों की निर्मम हत्या कि है उससे किसानों के बीच दहशत की स्थिति निर्मित हुई है। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में छत्तीसगढ़ सोनकर समाज के विधिक सलाहकर गजेन्द्र सोनकर ने कही। गजेन्द्र ने पत्रकारवार्ता में बताया कि उक्त हत्याकांड के चलते सोनकर समाज में अत्यधिक रोष है। सोनकर के अनुसार समाज के अधिकांश सदस्य निर्जन स्थानों पर ही अपनी अजीविका चलाने के लिए कृषि कार्य करते हैं। आज दिनांक तक मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है समाज के सदस्यों ने पुलिस प्रशासन को चल रही जांच के सिलसिले में सहयोग करते हुए दो दिन का वक्त और दिया है। गजेन्द्र सोनकर में पत्रकारवार्ता में कहा कि मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र का ग्राम खुड़मुड़ा होने के कारण अब तक मामले की जांच नहीं होना कानून व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह है। सोनकर समाज मामले की सीबीआई जांच की मांग करता है। आरोपियों की गिरफ्तारी होने पर उन्हें शासन से फांसी देने की मांग करता है।

मामला बालाराम सोनकर परिवार के 4 सदस्यों की बर्बर हत्या का

उक्त मामले को लेकर समाज मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर मामले की नीर-क्षीर जांच की मांग करेगा। जब तक आरोपी गिरफ्तार नहीं होते समाज दो दिन के अवधि के पश्चात रविवार से शांतिपूर्वक ढंग से धरना प्रदर्शन करेगा। समाज बालाराम सोनकर के परिवार के मासूम बच्चे की सुरक्षा की मांग भी पुलिस प्रशासन से करता है। मामले का चश्मादीद गवाह होने के कारण उसकी मामले में महत्वपूर्ण भूमिका है।

आफत प्रदेश में गुरुवरा की रात 8 बजे तक बीते 24 घंटे में 1232 नए कोरोना पाजीटिव मरीज मिले

अस्पतालों से 149 लोग स्वस्थ, कर दिया डिस्चार्ज

■ 19 की हुई उपचार के दौरान मृत्यु

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। ठंड में इजाफा होते ही कोरोना वायरस द्वितीय चरण में अधिकतम आबादी को प्रभावित करने लगा है। ऐसी स्थिति में लापरवाही के चलते जहां कोरोना वायरस कोविड 19 का स्वरूप प्रथम चरण के बाद अधिक आक्रामक तरीके से मरीजों को प्रभावित कर रहा है वहीं ब्रिटेन में नोबेल कोरोना वायरस के द्वितीय चरण के आक्रामक होने से वहां के नागरिकों की स्थिति काफी गंभीर है। ब्रिटेन में कोरोना वायरस की द्वितीय मार के चलते केंद्र सरकार ने भी 31 दिसंबर तक लंदन से दिल्ली तक आने वाले विमान परिचालन पर रोक लगा दी है। उक्त स्थिति के मद्देनजर केंद्र सरकार की गाइड लाइन के अनुसार नोडल अधिकारी डॉ. सुभाष पांडेय ने लोगों से वैक्सिन के आने तक मास्क लगाकर आवागमन करने का अनुरोध किया है साथ ही डॉ. पांडेय ने आम लोगों से कोरोना लाकडाउन के नियमों का पालन करने का आग्रह किया है। छत्तीसगढ़ शासन लोक स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार गुरुवार रात 8 बजे की स्थिति में प्रदेश से कुल 149 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज होने की जानकारी दी गई है। नोडल अधिकारी डॉ. सुभाष पांडेय के अनुसार 1232 नये कोरोना पाजीटिव मरीज मिलने की जानकारी दी गई है। अब तक प्रदेश में कुल 2 लाख 72,426 मरीज कोरोना पाजीटिव के पाये गये है जिनमें अस्पताल से अब तक 93,038 मरीज कोरोना उपचार के दौरान स्वस्थ होकर अपने घरों तक पहुंच चुके हैं। गत 24 घंटे में होम आइसोलेशन से 1277 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। वहीं प्रदेश स्तर पर अब तक 1 लाख 60,986 मरीज स्वस्थ होकर अपनी दिनचर्या रोजाना की जारी रखने में सफल हुए हैं।

प्रदेश में 1426 मरीज गत 24 घंटे में डिस्चार्ज हुए है अब तक प्रदेश में 2, 54,024 मरीज इलाज के दौरान शासकीय अशासकीय चिकित्सा संस्थानों में पंजी में दर्ज होकर समुचित उपचार का लाभ लेकर ठीक हो गये हैं।

सक्रिय मरीजों की संख्या 15 हजार के पार

कुल सक्रिय मरीजों की संख्या 15,153 है। उपचार के दौरान 19 मरीजों की मृत्यु हुई है जिनमें कोविड-19 के 5 एवं को मार्बिडिटी के 14 मरीज शामिल है। गत 24 घंटे में 31,057 मरीजों का कोरोना टेस्ट किया गया है। जिलावार कोरोना मरीजों की स्थिति इस प्रकार है- दुर्ग 87, राजनांदगांव 82, बालोद 52, बेमेतरा 23, कबीरधाम 19, रायपुर 119, धमतरी 67, बलौदाबाजार 30, महासमुंद 60, गरियाबंद 18, बिलासपुर 106, रायगढ़ 86, कोरबा 46, जांजगीर चांपा 122, मुंगेली 10, पेंड्रा गौरेला मरवाही 13, सरगुजा 54, कोरिया 35 सूरजपुर 71, बलरामपुर 28, जशपुर 28, बस्तर 10, कोंडागांव 27, दंतेवाड़ा 5, कांकेर 20, नारायणपुर 6 बीजापुर 5 एवं सुकमा से केवल 3 मरीज कोरोना पॉजीटिव के मिलने की जानकारी जारी बुलेटिन में दी गई है।

दो बाइक की टक्कर में एक की मौत,एक घायल

रायपुर। रायपुर। तेज रफ्तार बाईक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार घायल व्यक्ति की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी। घटना की रिपोर्ट तेलीबांधा थाने में दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार कचना खम्हारडीह रायपुर निवासी योगेश्वर पटेल 25 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी का बड़ा भाई घनश्याम पटेल 28 वर्ष पिता पुन्नीलाल पटेल जियो टावर भाठागांव में फिल्ड इंजिनियर का काम करता है ,23 दिसंबर को रात 9.30 बजे मोटरसाइकिल से घर से निकला था,रात 10.20 बजे प्रार्थी ने उसके फोन पर कॉल किया तब किसी और ने कॉल रिसिव किया व बताया कि घनश्याम पटेल का विजय नगर तेलीबांधा के पास सृटि प्लाजा के पास एक्टीडेन्ट हो गया है। घटना स्थल पर पहुंचने पर प्रार्थी के भाई का मोटरसाइकिल व एक अन्य मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 एचएम 0978 सड़क किनारे एक्सीडेन्ट होकर पड़ा हुआ था।

एक्सीडेन्ट में प्रार्थी के भाई के सिर में गंभीर चोट आने पर 108 वाहन की मदद से मेकाहारा अस्पताल में ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने उसे डीकेएस अस्पताल में रिफर कर दिया। रात 1 बजे प्रार्थी के भाई की मौत हो गयी। वहीं एक्सीडेन्ट करने वाला मोटरसाइकिल चालक को भी चोट लगी है।

प्रताड़ना से तंग महिला ने लगायी फांसी

रायपुर। तीन बेटियां होने पर ससुराल वालों के ताना से परेशान महिला न फांसी पर झूल गई। आरंग पुलिस ने जांच के बाद पति सहित सांस ससुर व ननद के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम अमेरा बलौदा बाजार निवासी उषा सेन आयु 25 वर्ष का विवाह 5 वर्ष पूर्व चेतन सेन आयु 28 वर्ष निवासी ग्राम कूटेला आरंग के साथ के साथ हुआ था। शादी के बाद उषा सेन ने लगातार तीन बेटियों को जन्म दिया था। जिसकों लेकर ससुर कुमार सेन ,सास राजकुमारी ,पति चेतन सेन एवं ननद कु.डिकेश्वरी सेन लड़का नही होना कहकर प्रताड़ित कर मारपीट करते थे जिससे तंग आकर 16 अक्टूबर की देर रात मृतिका ने घर के सिलिंग के हुक में दुपट्टा बांध कर फांसी पर झूल जाने से उसकी मौत हो गयी। मृतिका के ससुर ने पुलिस को पुछताछ पर बयान दिया था उसकी पत्नी राजकुमारी व बेटा चेतन साहु मनोरोगी पागल है। पूरे मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर पंचनामा कार्रवाही के बाद मामले की जांच में जुटी थी। जांच में मृतिका को लगातार तीन बेटियों को जन्म देने पर गाली-गलौच कर मारपीट किया जाने से परेशान होकर आत्महत्या जैसे कदम उठाने की बात सामने आने पर पुलिस ने मृतिक के पति,सांस,ससुर व ननद के खिलाफ धारा 306,34 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

जांच के बाद मृतिका के पति ,ननद एवं सास, ससुर के खिलाफ अपराध दर्ज

संपादकीय

बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं चिंतनीय

कोरोना काल में जब से लॉकडाउन हटा है देश में एक बार फिर सड़क दुर्घटनाओं का ग्रास तेजी से बढ़ने लगा है। छत्तीसगढ़ में तो जितने लोगों की मौत कोरोना से हुई है उससे कई गुना ज्यादा लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे जा चुके है। कमोवेश यहि स्थिति देश के अन्य राज्यों की भी है। हर जगह सड़क दुर्घटना में लोगों की असमय मौत आम बात बन गई है। दरअसल यातायात नियमों का कड़ाईपूर्वक पालन कराने में शासन प्रशासन बुरी तरह असफल हो रहा है। सड़को की स्थिति भी बद से बदतर होती जा रही है और वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है जिसकी वजह से न सिर्फ सड़कों पर यातायात बाधित हो रहा है और लोगो को घंटो चक्काजाम में फंसना पड़ रहा है वहीं इस वजह से सड़क दुर्घटनाओं मे भी इजाफा हो रहा है। पूरे देश में पार्किंग की समस्या भी जटिल होती जा रहा है। पार्किंग के विवाद के कारण अकसर दो पक्षों में विवाद की स्थिति पैदा हो जाती है यहां तक की खून खराबे की भी नौबत आ जाती है, इसके बावजूद प्रशासन तंत्र कुंभकरणीय नींद सोया हुआ है। जबकि इस बारे में कड़े कानूनी प्रावधान किए गए है लेकिन उसके पालन में कोताही बरती जा रही है। विभिन्न चौक चौराहों पर तैनात ट्रैफिक पुलिस का अमला अवैध वसूली में ही व्यस्त रहता है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कभी कभार ही अभियान चलाया जाता है बाकी समय सड़कों पर चलने वाले लोगों को भगवान भरोसे छोड़ दिया जाता है। यही वजह है कि खूनी रफ्तार के चलते भारी वाहनों की चपेट में आकर प्रतिदिन देश में सैकड़ों लोगों की दर्दनाक मौत हो जाती है और बड़ी संख्या में लोग गंभीर रूप से घायल हो जाते है। अब समय आ गया है कि इन बढ़ती सड़क दुर्घनाओं को सरकार गंभीरता से लें और इसके लिए कड़े कानूनी प्रवधान करें साथ ही उनका पालन भी सुनिश्चित करें तभी सड़क दुर्घनाओं पर अंकुश लगेगा। इसके साथ ही जटिल होती पार्किंग की समस्या का भी समाधान करना निहायत जरूरी है। सड़कों पर अनावश्यक रूप से खड़ी गाड़ियों के खिलाफ कार्यवाही की जानी चाहिए और उनसे जुर्माना वसूलना चाहिए तभी आवगमन में बाधा नहीं आएगी और दुर्घटनाओं से भी बचा जा सकेगा। इस दिशा में भी सरकार को कड़े कदम उठाने की सख्त जरूरत है।

विचार

गुपकार गठबंधन सबसे आगे

वैसे तो जम्मू-कश्मीर में होने वाला कोई भी चुनाव एक खास अहमियत हासिल कर लेता है, लेकिन हाल के जिला विकास परिषद चुनावों पर विशेष रूप से सबकी नजरें लगी थीं। पिछले साल संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत हासिल विशेष दर्जा समाप्त किए जाने के बाद यह पहला मौका था जब इस राज्य के लोग अपने प्रतिनिधि चुनने के लिए वोट देने निकले थे। चुनाव नतीजों के आंकड़े देखें तो वे कुछ खास चौंकाने वाले नहीं दिखते।

जम्मू संभाग में बीजेपी आगे रही और कश्मीर घाटी में गुपकार गठबंधन को बढ़त मिली। घाटी में तीन सीटें लेकर बीजेपी यह दावा करने की हालत में आ गई कि आखिर घाटी में भी वह कमल खिलाने में कामयाब रही। दूसरी ओर जम्मू क्षेत्र में 35 सीटें लेने वाला गुपकार गठबंधन भी यह कहने में नहीं हिचक रहा कि उसे घाटी तक सिमटा देने की साजिश नाकाम हो गई। बहरहाल, चुनाव नतीजों से जुड़े इन दावों और जवाबी दावों को सामान्य सियासी बोल-वचन मानकर नजरअंदाज कर दिया जाए तो सच यही है कि जम्मू-कश्मीर में सभी प्रमुख दलों ने कमोबेश अपनी-अपनी जमीन बचाए रखी। लेकिन यह चुनावी लड़ाई सिर्फ राजनीतिक दलों की पारंपरिक जमीन को लेकर होने वाली खींचतान तक सीमित नहीं थी। इसके पीछे के बड़े लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए विचार किया जाए तो जिन्हें पिछले एक साल से अलगाववादी, राष्ट्रविरोधी वगैरह करार दिया जा रहा था, हर सार्वजनिक मंच से जिन्हें 'गुपकार गैंग' कहकर संबोधित किया जा रहा था, उनके कथित चंगुल से राज्य को मुक्त करने में मोदी सरकार को कुछ खास कामयाबी नहीं मिली।

बेशक, ये चुनाव शांतिपूर्ण रहे और इनका मतदान प्रतिशत भी कई चुनावों से बेहतर रहा। इसका यह मतलब जरूर है कि अलगाववादी और आतंकवादी तत्वों की लाख कोशिशों के बावजूद जम्मू-कश्मीर के लोगों का शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक उपायों में यकीन बना हुआ है। लेकिन क्या इसका यह अर्थ भी निकाला जा सकता है कि अनुच्छेद 370 के तहत हासिल विशेष दर्जा छीन लिए जाने से लोग खुश हैं? इस दूसरे निष्कर्ष तक पहुंचना जल्दबाजी ही समझा जाएगा। कारण यह है कि विशेष दर्जा खत्म किए जाने के बाद की यह पूरी अवधि जम्मू-कश्मीर में हर कीमत पर शांति बनाए रखने के प्रयासों को ही समर्पित रही है। केंद्र सरकार संसद में अपनी पहलकदमी के चाहे जो भी फायदे बताती रही हो, उन्हें जमीन पर उतारने लायक माहौल वहां नहीं बन सका। दूसरी बात यह कि जिन दलों और नेताओं ने एक स्वर में इस फैसले का विरोध किया था, वे आज भी अपनी राय पर कायम हैं और जनता द्वारा उन्हें नकारा भी नहीं गया है। ऐसे में इन चुनावों से निकला एक महत्वपूर्ण सबक यह भी है कि देश के किसी भी हिस्से में लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जुड़े राजनीतिक नेतृत्व के लिए एक न्यूनतम सम्मान जरूर सुनिश्चित किया जाना चाहिए। भारत जैसी वयस्क लोकतांत्रिक व्यवस्था अपनी इस जिम्मेदारी से कतरा नहीं सकती। इस सीमावर्ती राज्य में आगे का रास्ता केंद्र सरकार को ज्यादा एहतियात से तय करना चाहिए।

ओली को ले डूबा सत्ता का गुरूर

श्याम सुंदर भाटिया

> भारत और नेपाल कोई नए नवेले दोस्त नहीं हैं। सदियों से दोनों देशों के बीच बेटी-रोटी का रिश्ता है और रहेगा। नेपाल हमेशा भारत को बिग ब्रदर मानता रहा है, लेकिन कोविड के दौरान नेपाल के प्रधानमंत्री ओली की बोली जहरीली ही रही तो रीति और नीति भी एकदम जुदा। ओली अपने आका ड्रैगन के इशारे पर साम, दाम, दंड और भेद की नीति का अंधभक्त की मानिंद अनुसरण करते रहे। भारत को उकसाने, उस पर सांस्कृतिक हमले और सम्प्रभुता से छेड़छाड़ करने में नेपाल ने ओली के वक्त कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। ऐसा करके भारत के संग-संग नेपाल की अवाम और विरोधी नेताओं के बार-बार निशाने पर ओली रहे थे। ओली की सरकार ने भारत के तीन अटूट हिस्सों -कालापानी, लिपुलेख और लिम्पियाधुरा को नेपाल का बताया था। यह ही नहीं, भारत के प्रबल विरोध के बावजूद नेपाल की संसद में इस विवादित नक्शे में संशोधन का प्रस्ताव भी पारित कर दिया था। भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया नेपाल के इस बगावती रुख के पीछे चीन की हिमाकत को मानती रही है।

संत कबीर दास ने कहा था, बोया पेड़ बबूल का तो आम कहां से होएज सरीखा कथन मौजूदा वक्त में नेपाल के प्रधानमंत्री श्री केपी शर्मा ओली पर शत-प्रतिशत चरितार्थ हो रहा है। स्वयं ओली और उनके समर्थक भले ही संसद भंग करने के सरीखे कदम को सियासी तौर पर मास्टर स्ट्रोक मान रहे हैं, लेकिन प्रचंड खेमे, विपक्षी दलों और नेपाल की अवाम नजर में ओली का यह स्टेप अनएथिकल है। करीब-करीब ढाई साल की सत्ता में ओली ने न तो राजधर्म, न गठबंधन धर्म और न ही दोस्ती का धर्म निभाया है। सत्ता के नशे में पीएम ओली ड्रैगन के हाथों की कठपुतली बने रहे। अंततः ओली सरकार का हश्र रणछोड़ सियासी खिलाड़ी की मानिंद हुआ। अविश्वास और असंवैधानिक क़दमों से समूचा नेपाल आहत है। ओली के इस अप्रत्याशित फैसले को विपक्षी दलों के साथ सत्तारुढ़ एनसीपी के नेताओं ने भी असंवैधानिक करार दिया है। एनसीपी ने ओली पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश केंद्रीय समिति से की है। प्रचंड समर्थक 7 मंत्रियों ने इस्तीफे भी दे दिए हैं। यह बात दीगर है, राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने फटाफट उनकी संसद भंग करने की संस्तुति मंजूर कर ली और चुनाव का भी ऐलान कर दिया है, लेकिन ओली के इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे दी गई है। नेपाल के संविधान विशेषज्ञ भीमार्जुन आचार्य इसे नेपाल के नए संविधान के साथ धोखा बताते हैं। कहते हैं, सिर्फ सरकार के अल्पमत या त्रिशंकु होने पर ही इसे भंग किया जा सकता है, लेकिन अभी ऐसे हालात नहीं हैं। दूसरी ओर नेपाल के प्रधानमंत्री ओली ने राष्ट्र के नाम संबोधन में अपने पार्टी के ही विरोधी नेता प्रचंड पर परोक्ष रूप से हमला बोलते हुए कहा, नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी में दरार बड़ी हो गई थी। सरकार चलाना मुश्किल हो रहा था। ऐसी स्थिति में जनता का दोबारा विश्वास हासिल करना ही एक मात्र विकल्प था। एनसीपी के असंतुष्ट प्रचंड गुट ने 20 दिसंबर की सुबह पीएम ओली के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पत्र का नोटिस दे दिया था। उन्होंने राष्ट्रपति से विशेष सत्र बुलाने का आग्रह भी किया था। माना जा रहा है, ओली खेमे को इसकी भनक लग गई थी। साथ ही साथ ओली अपने खिलाफ राजशाही वापसी को लेकर देश में हो रहे धरने और प्रदर्शन से भी खासे तनाव में थे। नतीजन प्रधानमंत्री ओली ने आनन-फानन में संसद भंग करने की सिफारिश कर दी। बताते हैं, इस अविश्वास प्रस्ताव को प्रचंड खेमे के मंत्रियों और 50 सांसदों का समर्थन प्राप्त था। उल्लेखनीय है, नेपाल में प्रतिनिधि सभा और राष्ट्रीय सभा दो सदन हैं। सरकार बनाने के प्रतिनिधि सभा में बहुमत जरुरी होता है। प्रतिनिधि सभा के 275 ने से 170 सदस्य सत्तारुढ़ एनसीपी- नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के पास हैं। नेपाल में 2015 में नया संविधान बना था। 2017 में अस्तित्व में आई संसद का कार्यकाल 2022 तक का था। 2018 में ओली के नेतृत्व वाली सीपीएन -यूएमएल और पुष्प कमल दहल प्रचंड के नेतृत्व वाली सीपीएन (माओवादी केंद्रित) का विलय होकर नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी -एनसीपी का गठन हुआ था। विलय के समय तय हुआ था, ढाई वर्ष ओली पीएम रहेंगे तो ढाई वर्ष प्रचंड पीएम रहेंगे। प्रचंड चाहते थे, एक पद-एक व्यक्ति के सिद्धांत पर एनपीसी को चलाया जाए, इसीलिए प्रचंड ओली पर पार्टी अध्यक्ष पद छोड़ने का दबाव डालते रहे, लेकिन ओली टस से मस नहीं हुए। इसके उलट जब प्रचंड को पीएम का पद सौंपने का वक्त आया तो उन्होंने संसद भंग करने की सिफारिश कर दी। नेपाल अब मध्यावधि आम चुनाव का सामना करेगा। हालाँकि राष्ट्रपति कार्यालय ने पीएम ओली की सिफारिश को संविधान के अनुकूल बताया है, लेकिन एनसीपी के प्रवक्ता नारायणकाजी श्रेष्ठ ने कहा, यह निर्णय जल्दबाजी में लिया गया है। बैठक में सभी मंत्री भी मौजूद नहीं थे। यह पूरी तरह से लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। देश को पीछे ले जाएगा। यह लागू नहीं होना चाहिए। प्रधानमंत्री ओली के संसद भंग की सिफारिश करने के बाद विपक्ष भी एक्टिव हो गया है। मुख्य विपक्षी पार्टी नेपाली कांग्रेस ने आपातकालीन बैठक बुलाई है। प्रचंड खेमे से लेकर माधव नेपाल, झालानाथ खनल के साथ-साथ विपक्षी दल नेशनल कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता पार्टी ने एक दिन पहले ही राष्ट्रपति से संसद का विशेष सत्र बुलाने का आग्रह किया था। हालाँकि उम्मीद की जा रही थी, ओली इस बैठक में अध्यादेश को बदलने की सिफारिश करेंगे। उल्लेखनीय है, प्रधानमंत्री ओली पर संवैधानिक परिषद एक्ट के एक अधिनियम को वापस लेने का दबाव था। इस अधिनियम को सरकार 15 दिसंबर को लेकर आई थी। उसी दिन अधिनियम को राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेज दिया था। तेजी से बदले सियासी घटनाक्रम के बाद अब नेपाल में सियासी संग्राम छिड़ने के आसार हैं। नेपाल के प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली और पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड के बीच करीब एक बरस से शक्ति प्रदर्शन चल रहा है। उल्लेखनीय है, 44 सदस्यों वाली स्टैंडिंग कमेटी में ओली अल्पमत में थे। प्रचंड के पास 17, ओली के पास 14 और नेपाल के साथ 13 सदस्य हैं।

इस सच्चाई से मुँह नहीं मोड़ा जा सकता है, नेपाल की राजनीति में बड़ा संकट खड़ा हो गया है। नेपाल की राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने प्रधानमंत्री ओली की सिफारिश पर संसद को भंग कर दिया है। अप्रैल-मई में मध्यावधि आम चुनाव की घोषणा कर दी है। पार्टी के अंदर ही विरोध झेल रहे नेपाल के प्रधानमंत्री ने अप्रत्याशित कदम उठाते हुए संसद को भंग करने की सिफारिश के बाद राष्ट्रपति ने यह फैसला लिया। आमतौर पर ऐसे बड़े निर्णय पर प्रधानमंत्री पहले से ही राष्ट्रपति से विचार-विमर्श कर लेते हैं। ऐसी स्थिति में माना जा रहा है कि राष्ट्रपति मंत्रिमंडल की सिफारिश को मंजूरी दे सकती हैं। हुआ भी यही। मंत्रिपरिषद की सिफारिश पर नेपाल की राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने घोषणा की कि अगले साल 30 अप्रैल से 10 मई के बीच राष्ट्रीय चुनाव होंगे। ओली ने यह भी दावा किया था, भगवान राम नेपाल में जन्मे थे, इसीलिए भगवान राम भारतीय नहीं बल्कि नेपाली हैं। वह यह कहना भी नहीं चूके थे, असली अयोध्या भारत में नहीं, नेपाल में है। ओली ने सारी सीमाएं लांघते हुए कहा था, इंडियन वायरस चाइनीज और इटली से ज्यादा जानलेवा है। इन सबकी आड़ में ओली सरकार के मंसूबे बेहद खतरनाक रहे हैं। नेपाल अपने आका के इशारे पर बहादुर गोरखों को भारत से बहुत दूर करने की फिराक में था और है।

बुनियादी जरूरतों से वंचित हैं करोड़ों लोग

योगेश कुमार गोयल

> मानवाधिकारों की सुरक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार आयोग के अलावा लगभग प्रत्येक राष्ट्र में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग सक्रिय हैं लेकिन आज भी जिस गति से मानवाधिकारों का हनन हो रहा है, उससे मानवाधिकार आयोगों के अस्तित्व पर प्रश्नचिन्ह लगता है। दुनियाभर में दो प्रमुख मानवाधिकार संगठनों 'एमनेस्टी इंटरनेशनल' व 'ह्यूमन राइट वाच' का खासतौर से उल्लेख किया जा सकता है, जो दुनियाभर की स्थिति पर नजर रखते हैं और हर साल इस पर अपनी रिपोर्ट पेश करते हैं। मानवाधिकार हनन के मामले में हर देश की क्रमानुसार स्थिति दर्शायी जाती है और इस रिपोर्ट के आधार पर जिस देश में मानवाधिकार की स्थिति दयनीय होती है, उसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर न केवल आलोचना का शिकार होना पड़ता है बल्कि अमेरिका जैसे विकसित देश उस पर आर्थिक प्रतिबंध भी लाद देते हैं पर वास्तविकता यह है कि पिछले कुछ समय से इन संगठनों की रिपोर्टों को भी पूरी तरह निष्पक्ष नहीं

पिछले दिनों दुनियाभर में विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया गया। मानवाधिकारों की विस्तृत व्याख्या के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ ने सर्वप्रथम 27 जनवरी 1947 को एक आयोग गठित किया गया था, जिसकी सिफारिशों के सार्वभौमिक घोषणा पत्र को संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्यों ने 10 दिसम्बर 1948 को सर्वसम्मति से स्वीकार किया था। मनुष्य के जीवनयापन और विकसित होने के मूलभूत (सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक) अधिकारों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 'मानवाधिकार' के रूप में स्वीकार किया गया है। वर्ष 1945 में संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना ही इस उद्देश्य से की गई थी कि भविष्य में द्वितीय विश्वयुद्ध जैसी स्थिति उत्पन्न न होने पाए और संयुक्त राष्ट्र ने अपनी स्थापना के कुछ ही समय बाद मानवाधिकारों का संरक्षण किए जाने की ओर ध्यान देना शुरू किया लेकिन विड़म्बना है कि मानवाधिकारों की घोषणा के 72 वर्ष बाद भी दुनियाभर में करोड़ों लोग संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित मानवाधिकारों से वंचित हैं।

करोड़ों लोग रोटी, कपड़ा और मकान जैसी बुनियादी जरूरतों से महरूम हैं। एक अरब से भी अधिक लोग कम अथवा ज्यादा कुपोषण के शिकार हैं। कुपोषण की वजह से हर रोज हजारों बच्चे काल के ग्रास बन रहे हैं। दुनियाभर में करोड़ों बच्चे बाल मजदूरी का दंश झेल रहे हैं। भारत में 8 करोड़ से भी अधिक बच्चे अपने मासूम बचपन को बाल मजदूरी की तपती भट्ठी में झोंकने को विवश हैं, जो स्कूली शिक्षा से भी वंचित हैं। औद्योगिकीकरण की अंधी दौड़ में देश में मजदूर महिलाओं व छोटे-छोटे मासूम बच्चों का शारीरिक व मानसिक शोषण किसी से छिपा नहीं है। विश्वभर में अरबों लोग आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से वंचित हैं। एक अरब से अधिक लोगों को पीने के लिए स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हैं। यदि हम मानवाधिकारों की दृष्टि से इसका विवेचन करें तो क्या ये सभी उचित स्तर पर जीवन यापन के अधिकार, शिक्षा के अधिकार, जीवन के प्रति सुरक्षा के अधिकार, शोषण से मुक्ति के अधिकार तथा अन्य सामाजिक अधिकारों से पूर्णतया वंचित नहीं हैं? क्या यह सरासर मानवाधिकारों के उल्लंघन का मामला नहीं है? क्या यह मानवाधिकार आयोग का दायित्व नहीं है कि वह इन विसंगतियों को दूर करने के लिए सार्थक एवं प्रभावी कदम उठाए? आधुनिक भारत में करोड़ों लोग आज भी भूखे-नंगे अपनी जिंदगी के दिन जैसे-तैसे उद्देश्यहीन पूरे कर रहे हैं। क्या ऐसे लोगों के लिए मानवाधिकारों का कोई महत्व हो सकता है? इन रिपोर्टों के पीछे अमेरिका इत्यादि विकसित देशों के अपने निजी हित या स्वार्थ भी छिपे होते हैं।

भारत में मानवाधिकार संगठनों की सक्रियता खासतौर से पंजाब के आतंकवाद के भयावह दौर से देखी जा रही है, जब इन संगठनों को पुलिस व सेना के जवानों का हर छोटा-बड़ा कारनामा तो नजर आता था लेकिन आतंकवादियों की करतूतों के विरूद्ध इनकी जुबान पर लगाम ही कसी रही। इस बारे में भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस ए.एस. आनंद ने एक बार कठोर टिप्पणी करते हुए कहा था कि ये संगठन सुरक्षा बलों के अत्याचारों पर तो उंगली उठाते हैं पर आतंकवादी संगठन कश्मीर में जो कुछ कर रहे हैं, उस पर चुप रहते हैं। यह हकीकत भी है कि अगर कोई आतंकवादी या शरारती तत्व पुलिस अथवा सेना के हाथों मारे जाएं तो मानवाधिकारवादी संगठन खूब हो-हल्ला मचाते हैं लेकिन वहीं अगर यही सिरफिरे लोग निर्दोषों के लहू से होली खेलें, अबलाओं की इज्जत के सरेआम चिथड़े उड़ाएं, उन्हें गैंगरेप जैसी पाशविक घटनाओं को अंजाम देकर जिंदा जला डालें तो ऐसी हैवानियत मानवाधिकार के ठेकेदारों को नजर नहीं आती बल्कि ऐसे मामलों में इन संगठनों की भूमिका पर सवाल उठाने वालों के समक्ष तर्क प्रस्तुत किया जाता है कि आतंकवादी संगठन किसी स्थापित कानून के तहत काम करने वाली कोई सरकारी संस्था नहीं हैं और वैसे भी आतंकवादी संगठनों की कार्रवाई चूंकि कानून की नजर में अपराध है, अतः अगर कोई आतंकवादी या अराजक तत्व पकड़ा भी जाए, तब उसके खिलाफ कानून के मुताबिक ही कार्रवाई होनी चाहिए। हालांकि ऐसा नहीं है कि मानवाधिकार संगठनों की भूमिका हर मामले में संदेहास्पद रही हो बल्कि कुछ मामलों में इन संगठनों ने सही मायनों में पीड़ित मानवता के हित में सार्थक पहल की है पर यह भी सच है कि दुनियाभर में आज भी करोड़ों-अरबों लोग मानवाधिकारों की विश्वव्यापी घोषणा के 72 वर्षों बाद भी अपने अधिकारों से वंचित हैं। मानवाधिकारों की सुरक्षा के लिए 1961 में स्थापित अंतर्राष्ट्रीय संगठन 'एमनेस्टी इंटरनेशनल' की एक रिपोर्ट में बताया गया था कि दुनियाभर में करीब 120 देशों में मानवाधिकारों का बड़े पैमाने पर हनन हो रहा है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

छत के ऊपर

छत के ऊपर आसमान है सूरज, चाँद अनगिनत तारे है उन्ही तारों में सबके अपने प्यारे भी है जो जाते है वो जाते नही आसमान को देखने से कितनी आकृति नजर आती है वही सब में है अपने सब बस देख कर अपने दिल का बात करे उनसे भी पूछे सब ठीक तो है मुस्कुराइये खुल कर मुस्कुराइये दुनिया पागल समझे तो समझे।

-प्रीति श्रीवास्तव

आज के लइका मन

आज के लइका मन बांटा म दाई-ददा ल बांट लेथें कोन काकर संग रइही अपन हिस्सा म छांट लेथें होथे जरूरत जब जादा एक-दूसर संग रहे के तब बज्जुर छाती करना परथे ए बीपत ल सहे के मया-पिरित के बंधना लइकई-झगरा म टूट जथे जाने कइसे ए उमर म आके देव-कृपा ह रूठ जथे।

- कवि सुशील भोले

खास पाती

जहां सकूं कुछ पल मयस्सर

जहाँ सकूँ कुछ पल मयस्सर नही घर है लेकिन वह कोई 'घर' नही ! हर फरियाद हो जहाँ अनसुनी वह बंद गार है कोई दर नही! झुका कदमों में रहे हर घड़ी वह सर, कोई बा ज़मीर सर नही! जो हक़ की राह से हटे या चुप रहे आदमी होगा इंसाँ वह मगर नही! सजदा हरहाल कोई क्यों करे तुझे बंदा है तू कोई खालिके बशर नही!

- जावेद उस्मानी

नमस्कार कलयुग ऐसा घोर है

नमस्कार कलयुग ऐसा घोर है , होती असत्य जीत चापलूस की मौज है , सीधा जाए बीत अमीर होता धनी अब , पीकर निर्धन खून वाह वाह रूपया की ,, मिले उसे नहि चून राज महल से भवन है , गरीब उनके दास आगे पीछे फिरे वो , झोपड़ जिनका वास पुलिस प्रशासन धनिक के, मरे जहाँ निर्दोष फंद्या पड़ता उसी के , होय नहीं कुछ दोष चक्कर अनेक करे पर , सुने नहीं फरियाद कार्यवाही तन्त्र की , बढ़ा रही अवसाद।

- डा.मधु त्रिवेदी

मत दिखाना अपने दुख दर्दबस सजा

मत दिखाना अपने दुख दर्दबस सजा लेना थोड़ी सी मुस्कान अपने होंठों पर चारदीवारी के अंदर और चारदीवारी से बाहर लोगों को दिखाना कि तुम कितनी खुश हो, तुम बहुत बड़ी कलाकार जो हो ये कलाकारी तुम्हें विरासत में मिली है क्योंकि तुम्हें सिर्फ़ और सिर्फ़ मुस्कुराहट ही दिखाना है। दुनिया को भी मुस्कुराती हुई औरतें पसन्द है।।

- माधुरी स्वर्णकार

मटमैली मिट्टी पर.... जब भी खिले

मटमैली मिट्टी पर.... जब भी खिले प्रसून मिले चलते-चलते थम गई, उर को मेरे सकून मिले जी भर कर खूब निहारूँ, भर लूँ निज चक्षु में सरस सी सरसों संग, खुशियों का शगुन मिले।

- अलका अग्रवाल

क्या नया, क्या पुराना साल तू

क्या नया, क्या पुराना साल, तू है तो दिल मालामाल! चिंता रोटी-दाल की, बात क्या करें नए साल की! नए साल में मनाओगे जश्न, कोरोना कर रहा है सबसे प्रश्न!

- राजकुमार धर द्विवेदी

कुछ गुज़रे पलों को कैद करना, कितना मुस्किल होता गर कैमरा न होता

कुछ गुज़रे पलों को कैद करना, कितना मुस्किल होता गर कैमरा न होता। यादों को याद रखना मुमकिन न था गर कैमरा न होता। कुछ और पल जी लेते हैं तस्वीर देख कर उन खुशगवार लम्हों को फिर से एहसास मे लाना मुमकिन न था गर कैमरा न होता।

- शिखा लाहीरी

बड़ा ही है कठिन अपना कलेजा

बड़ा ही है कठिन अपना कलेजा हाथ पर धरना, बड़ा ही है कठिन जीते हुए भी दर्द से मरना, जिसे बेटी नही पीड़ा पिता की वह न समझेगा, बड़ा ही है कठिन बिटिया दुलारी को विदा करना।

- कवि सुनिल शर्मा नील

QUIZ TIME

1) राज्य स्तरीय साइबर पुलिस थाना कहाँ खोला गया है? (बिलासपुर / रायपुर)

2) किस स्थान पर सोलर चरखा प्रशिक्षण केंद्र प्रारम्भ किया गया है?

3) 'बस्तर नोनी' कॉल सेंटर की स्थापना का लक्ष्य क्या है?

4) हाल ही में कांकेर के किस स्थान पर 'हर्रा प्रसंस्करण' की स्थापना की गयी है?

5) शिक्षक का नाम बताइए जिन्हें 1992 में पद्मश्री पुरस्कार दिया गया था?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) रायपुर (2) दुर्ग (3) कोरोना के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक करना (4) इडकपुर (5) धरमपाल सैनी

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1530: मुग़ल सम्राट बाबर का निधन हुआ। 1606: शेक्सपियर ने अपने लोकप्रिय नाटक किंग लियर को पहली बार इंग्लैंड के राजा जेम्स प्रथम के दरबार में पेश किया था। 1748: फ्रांस और ऑस्ट्रिया के बीच दक्षिणी हॉलैंड को लेकर समझौते पर हस्ताक्षर किये गये। 1899: स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद उधम सिंह का जन्म हुआ। 1904 : दिल्ली से मुंबई के बीच देश की पहली क्रॉस कंट्री मोटरकार रैली की शुरुआत। 1925 : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना। 1978 : भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को जेल से रिहा किया गया। मोरारजी देसाई की सरकार ने 19 दिसंबर को इंदिरा गांधी को गिरफ्तार किया था। 1997 : ओडिशा के प्रमुख नेता बीजू पटनायक के पुत्र नवीन पटनायक ने बीजू जनता दल (बीजद) की स्थापना की। 1999 : भारत के नवें राष्ट्रपति शंकरदयाल शर्मा का निधन हुआ। 2003 : ईरान के दक्षिण पूर्वी शहर बाम में रिक्टर पैमाने पर 6.6 की तीव्रता वाले भूकंप से जान और माल का भारी नुकसान। 2004 : शक्तिशाली भूकंप के बाद भारत, श्रीलंका, इंडोनेशिया, थाईलैंड, मलेशिया, मालदीव और आसपास के क्षेत्रों में सुनामी ने भारी तबाही मचाई। दो लाख तीस हजार लोगों की मौत। 2006 : आस्ट्रेलिया के फिरकी गेंदबाज शेन वार्न ने अंतरराष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट लेकर इतिहास रचा। 2012 : चीन की राजधानी बीजिंग से देश के एक अन्य प्रमुख शहर ग्वांग्झू तक बनाए गए दुनिया के सबसे लंबे हाई स्पीड रेलमार्ग की शुरुआत।

कंगना रनौत ने क्रिसमस की शुभकामनाएं देते हुए भी कसा तंज

अभिनेत्री कंगना रनौत ने क्रिसमस सेलिब्रेशन की तस्वीर शेयर की है। इसके साथ ही उन्होंने क्रिसमस की बधाईयां देते हुए कुछ लोगों पर तंज भी कसा है। कंगना ने ट्वीट किया है, 'सिर्फ उन लोगों को क्रिसमस की शुभकामनाएं, जो सभी भारतीय पर्वों का सम्मान करते हैं और उन्हें स्वीकार करते हैं। उन लोगों को भी मेरी क्रिसमस जो सिर्फहिंदुओं के त्याहारों पर ही आलोचना नहीं करते।' कंगना रनौत ने अपनी इस पोस्ट से एक तरह से त्योहारों को लेकर कट्टरता दिखाने वाले लोगों पर तंज कसा है। उनकी इस पोस्ट को लेकर भी कुछ लोग उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। एक यूजर ने उन पर इस पोस्ट के जरिए राजनीति खेलने का आरोप लगाया है। यही नहीं एक यूजर ने कहा कि अब वह फिर से दक्षिणपंथियों के निशाने पर आ जाएंगी। इसके अलावा कई यूजर्स ने कहा कि हम क्रिसमस की बजाय गुरु गोविंद सिंह के परिवार के बलिदान को याद कर रहे हैं। कंगना रनौत ने ट्विटर के अलावा इंस्टाग्राम पर भी यह पोस्ट शेयर की है। इससे पहले उन्होंने अपनी बहन और भाभी के साथ कल शाम को हुए क्रिसमस सेलिब्रेशन की तस्वीरें साझा की थीं। कंगना ने तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा था, 'कल मेरी भाभी घर पर आई थीं और उनके लिए रंगोली ने गाजर का हलवा तैयार किया। कल रात के डिनर की कुछ तस्वीरें।' बता दें कि हाल ही में कंगना रनौत ने मेक्सिको के बीच की अपनी एक फोटो शेयर की थी, जिसमें वह बिकिनी पहने हुए थीं। इस फोटो के चलते सोशल मीडिया पर एक वर्ग ने उन्हें ट्रोल करने का प्रयास किया था।

तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल में एडमिट हुए रजनीकांत, ब्लड प्रेशर की समस्या से हैं पीड़ित

हैदराबाद। अभिनेता रजनीकांत को तबीयत बिगड़ने पर हैदराबाद के अस्पतावल में एडमिट कराया है। दिग्गज अभिनेता ब्लड प्रेशर की समस्या से पीड़ित बताए जा रहे हैं। उनके रक्तचाप में अत्यधिक उतार-चढ़ाव के चलते उन्हें इलाज के लिए ले जाया गया है। हाल ही में राजनीतिक पार्टी बनाने का ऐलान करने वाले रजनीकांत की सेहत के बारे में अपोलो अस्पताल की ओर से बुलेटिन जारी किया गया है। अस्पताल की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'आज सुबह रजनीकांत अस्पताल में एडमिट हुए हैं। बीते 10 दिनों से वह हैदराबाद में एक मूवी की शूटिंग कर रहे थे। फिल्म के सेट पर कुछ लोग कोरोना पॉजिटिव भी पाए गए हैं। रजनीकांत का 22 दिसंबर को कोरोना टेस्ट हुआ था और रिपोर्ट निगेटिव आई थी। इसके बाद से ही उन्होंने खुद को आइसोलेट कर लिया था और निगरानी में थे।'

शोले में धर्मेंद्र ने असली बंदूक से चला दी थी गोली, बाल-बाल बचे थे अमिताभ बच्चन

नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन ने ऑल टाइम हिट मूवी शोले को लेकर बड़ा खुलासा करते हुए कहा है कि फिल्म में धर्मेंद ने एक सीन में असली बंदूक का इस्तेमाल किया था। यही नहीं धर्मेंद की बंदूक से चली गोली उनके कान के करीब से निकल गई थी। अमिताभ बच्चन ने कौन बनेगा करोड़पति के गुरुवार के एपिसोड में इस मजेदार किस्से का खुलासा किया। हाल ही में अपने 45 साल पूरे करने वाली फिल्म शोले को हिंदी सिनेमा की सदाबहार फिल्मों में गिना जाता है। दरअसल केबीसी के प्रतिभागी प्रीत मोहन सिंह ने कार्यक्रम के दौरान बताया था कि उन्हें शोले फिल्म काफी पसंद है। इस पर अमिताभ ने मूवी से जुड़ी यह दिलचस्प बात शेयर की। सीआरपीएफके डीआईजी प्रीत मोहन सिंह ने कहा कि उन्हें फिल्म के क्लाइमेक्स को देखकर यह लगता है कि जय यानी अमिताभ बच्चन की जान बचाने के लिए वीरू (धर्मेंद्र) को और ज्यादा हथियार रखने चाहिए थे। इस पर फिल्म की शूटिंग का किस्सा शेयर करते हुए अमिताभ बच्चन ने बताया, 'हम जब इस फिल्म की शूटिंग कर रहे थे तो धर्म जी नीचे थे और मैं पहाड़ी के ऊपर था। धर्मेंद ने सीना खोला और गोलियां भरने लगे। उन्होंने कई बार ऐसा किया, लेकिन असफल रहे।

सलमान के बर्थडे सेलिब्रेशन को रवीना, जैकलीन, शहनाज और धर्मेश जैसे सितारे बनाएंगे खास

नई दिल्ली। बिग बॉस 14 के होस्ट और बॉलीवुड के स्टार एक्टर सलमान खान 27 दिसंबर को अपना जन्मदिन मनाएंगे। रवीना टंडन, जैकलीन फर्नांडीज, शहनाज गिल और धर्मेश इस स्पेशल डे को और खूबसूरत बनाएंगे।

बिग बॉस 14 में 'वीकेंड का वार' पर बार होस्ट सलमान खान के जन्मदिन के साथ डबल सेलिब्रेशन होने जा रहा है, सलमान 27 दिसंबर को अपना जन्मदिन मनाएंगे। उनके जन्मदिन को और भी खास बनाने के लिए इस बर्थडे सेलिब्रेशन में रवीना टंडन, जैकलीन फर्नांडीज, शहनाज गिल और धर्मेश जैसे कलाकार भी शामिल होंगे।

डांस परफॉर्मेंश और मस्ती से लेकर पार्टी तक यह सब यही लोग तय करेंगे, जिससे जन्मदिन बेहद खास और यादगार हो। इस दौरान स्टाइल किंग धर्मेश के कुछ क्रेजी डांस मूव्स सेलिब्रेशन को और स्पेशल बनाएंगे। इसमें और सरप्राइज जोड़ने के लिए शहनाज़ गिल उनके आइकॉनिक ÷थाडा कुत्ता टॉमी, साडा कुत्ता कुत्ता÷ को रिक्रिएट करने के लिए उनके साथ जुड़ेंगी। वर्तमान प्रतियोगियों को कुछ शहनाज़ गिल अपने ज्ञान के मोती भी बाटेंगी! साथ ही सलमान की सह-कलाकार रवीना और जैकलीन भी इसमें शामिल होकर सेलिब्रेशन को और खास बनाएंगी।

पल्स कैंडी का जायकेदार फ्लेवर अब आया पल्स शॉट्स में

अब पल्स के चटकारों का आनंद लीजिए नन्हे शॉट्स में!

रायपुर। डीएस ग्रुप की देश की नंबर 1 कैंडी पल्स अब गोल छोटे आकर के फ्लेवर बम 'पल्स शॉट्स' के रूप में पेश की गई है। ये पल्स शॉट्स कैंडी स्वादिष्ट कच्चा आम फ्लेवर में उपलब्ध हैं, जिसके बीचोबीच चट्कारेदार मज़ा है, जो एक बाइट साइज़ नन्हे कैंडी के रूप में हैं । पल्स शॉट्स उपभोक्ताओं की फरमाइश का नतीजा है, जो फ्लेवर का आनंद नए तरीके और नए अंदाज़ में ज्यादा जल्दी लेना चाहते हैं।

पल्स शॉट्स उन लोगों के लिए एकदम सटीक पसंद है, जो आम कैंडी में मिलने वाले फ्लेवर और चटकारे की बौछार का मजा ज्यादा जल्दी लेना चाहते हैं। दुर्भाग्य से आज की तेज रफ्तार दुनिया में इंतजार करना ही पड़ता है; लिफ्ट के लिए इंतजार, फोन बजने का इंतजार, ट्रायल रूम के बाहर इंतजार और भी कई तरह का इंतजार। लेकिन अब पल्स के स्वाद भरे विस्फोट के लिए किसी को इंतजार करने की जरूरत नहीं है क्योंकि पल्स शॉट्स के साथ उपभोक्ताओं को यह स्वाद और भी जल्दी तथा और भी आनंद के साथ मिल जायेगा। बाइट साइज़ जैसे नन्हे आकार की कैंडी छोटी हैं मगर ये उतनी ही मसालेदार हैं जैसे की बड़ी पल्स।

पल्स शॉट्स के एक पाउच में करीब 9-10 शॉट्स होते हैं और 17 ग्राम का यह पाउच, 5 रुपये का है। इसलिए दोस्तों और परिजनों के साथ बांटने के लिए यह एकदम उपयुक्त है; बिल्कुल वैसे ही जैसे मुख्य ब्रांड पास पास जीवन में खुशियां बांटने के लिए पास आने की बात और दोस्ती को तेजी से फैलाने की बात करता है।

डीएस ग्रुप की कैंडी पास पास पल्स ने 2015 में आते ही हार्ड-बॉयल्ड कैंडी के बाजार में धमाका कर दिया था और पिछले लगातार तीन वर्ष से इसने देश के नंबर 1 हार्ड-बॉयल् कैंडी ब्रांड का अपना रुतबा बरकरार रखा है। पल्स कैंडी में चटपटा स्वाद है, जो इसे सभी से अलग बनाता है! इसमें अनूठा अनुभव मिलता है, जो फलों के स्वाद से शुरू होता है और आखिर में चटकारे भरा मसालेदार स्वाद का मज़ा मिलता है; पूरा मुंह अनूठे मजे से भर जाता है, जिसे उपभोक्ता बहुत पसंद करते हैं। पल्स पांच फ्लेवर ङ्क कच्चा आम, गुआवा, ऑरेंज, पाइनैपल और लीची में आती है।

मोदी सरकार फिर बेच रही सस्ता सोना, 28 दिसंबर से न चूके मौका

नई दिल्ली। नए साल 2021 से पहले आप मोदी सरकार से सस्ता सोना खरीद सकते हैं। 28 दिसंबर 2020 से एक जनवरी 2021 के बीच सरकार एक बार फिर आपको सॉवरेन गोल्ड बांड में निवेश का मौका दे रही है। हालांकि यह गोल्ड फिजिकल रूप में नहीं मिलेगा। गोल्ड बॉन्ड की अगली किस्त के लिए 5000 रुपये प्रति ग्राम का भाव तय किया गया है। रिजर्व बैंक ने गुरुवार को यह जानकारी दी। आरबीआई ने कहा, गोल्ड बॉन्ड के लिए इंडियन बुलियन एंड जूलर्स एसोसिएशन लिमिटेड (आईबीजेए) द्वारा 999 शुद्धता के सोने के प्रकाशित सामान्य औसत बंद भाव पर आधारित है। इसके तहत दाम 5,000 रुपये प्रति ग्राम तय हुआ है।

सात दिन में बदल जाएंगे चेक से पेमेंट करने के नियम

नई दिल्ली। अगले सात दिनों में बाद नए साल की शुरुआत 1 जनवरी 2021 से चेक पेमेंट से जुड़े नियम बदल जाएंगे। इसके तहत 50,000 रुपये से अधिक भुगतान वाले चेक के लिए पॉजिटिव पे सिस्टम (सकारात्मक भुगतान व्यवस्था) लागू होगा। देश में तेजी से बढ़ते बैंकिंग धोखाधड़ी रोकने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने यह अहम फैसला लिया था। आइए जानते हैं कि नई व्यवस्था लागू होने से चेक से भुगतान करने या लेने में क्या बदलाव होने जा रहा है।

क्या है पॉजिटिव पे सिस्टम

पॉजिटिव पे सिस्टम एक स्वचालित टूल है जो चेक के जरिये धोखाधड़ी करने पर लगाम लगाएगा। इसके तहत, जो व्यक्ति चेक जारी करेगा, उन्हें इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से चेक की तारीख, लाभार्थी का नाम, प्राप्तकर्ता और पेमेंट की रकम के बारे में दोबारा जानकारी देनी होगी। चेक जारी करने वाला व्यक्ति यह जानकरी एसएमएस, मोबाइल ऐप, इंटरनेट बैंकिंग या एटीएम जैसे इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से दे सकता है। इसके बाद चेक पेमेंट से पहले इन जानकारियों को क्रॉस-चेक किया जाएगा। अगर इसमें कोई गड़बड़ी पाई जाएगी चेक से भुगतान नहीं किया जाएगा और संबंधित बैंक शखा को इसकी जानकरी दी जाएगी।

एयू बैंक ने डिजिटल बैंकिंग का नया अवतार लॉन्च किया

उपभोक्ता नए मोबाइल बैंकिंग ऐप और नेटबैंकिंग पोर्टल में 100 से ज्यादा बैंकिंग और लाइफस्टाइल सर्विसेज का लाभ उठा सकते हैं, एक ऐसा अनुभव जो है बैंकिंग से बढ़कर

मुंबई। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक (एयू बैंक) एक शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक और देश के प्रमुख स्मॉल फाइनेंस बैंकों में से एकहै। बैंक ने आज नया मोबाइल बैंकिंग ऐप और नेटबैंकिंग पोर्टल लॉन्च करने की घोषणा की है। इसका लक्ष्य ग्राहकोंको बेहतरीन और पूर्ण डिजिटल अनुभव प्रदान करना है। नए प्लेटफॉर्म में 100 से ज्यादा सर्विसेज मिलेंगी, जिससेरेगुलर बैंकिंग की जरूरतें पूरी होने के साथ-साथ ग्राहकों को रोजमर्रा की लाइफस्टाइल से जुड़े कामों में सुविधा भी मिलेगी। इससे टिकटों की बुकिंग, बिल और टैक्स पेमेंट, शॉपिंग ऑफर्स समेत कई अन्य सुविधाएं हासिल की जा सकती हैं। एयू मोबाइलऐप प्लेस्टोर व ऐप स्टोर पर उपलब्ध है। एयू बैंक नेटबैंकिंग पोर्टल डेस्कटॉप और मोबाइल ब्राउजर्स पर उपलब्ध है।

यह प्लेटफॉर्म्स ग्राहकों को डिजिटल समाधानों से सशक्त बनाने के लिए विकसित किए गए हैं। यह फिजिकल ब्रांचेज और आउटलेट्स पर सेवाओं का लाभ उठाने से बेहतर सुविधाजनक विकल्प है। इनका सरल और सहज यूजर इंटरफेस इस तरह डिजाइन किया है, ताकि शहरी और तकनीक प्रेमी ग्राहकों के अलावा अन्य लोगों को भी इसे अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सके।

एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के एमडी और सीईओ संजय अग्रवाल ने कहा, सब जगह डिजिटल बैंकिंग का चलन इतना ज्यादा बढ़ गया है कि अब यहबैंकिंग करनेका वैकल्पिक तरीका नहीं रह गया है। डिजिटल बैंकिंग को समावेशी बनाने के हमारे प्रयास में यह लॉन्च एक महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही यह हमारी इस प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है कि हर ग्राहक को समान वित्तीय उत्पादों एवं सेवाओं तक फौरन पहुंच मिले और उनका अनुभव भी एकसमान हो, फिर चाहे वह कहीं भी रहते हों या किसी भी वर्ग के हों।

साफ तौर पर दबाव में चुना गया है टीम इंडिया का प्लेइंग XI : संजय मांजरेकर

नई दिल्ली। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाना है। यह मैच बॉर्डर-गावस्कर सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच होगा। इस मैच के लिए टीम इंडिया ने एक दिन पहले ही प्लेइंग इलेवन की घोषणा कर दी है। 26 दिसंबर से खेले जाने वाले इस टेस्ट मैच के लिए टीम इंडिया के प्लेइंग XI में चार बदलाव देखने को मिले हैं। कप्तान विराट कोहली पैटरनिटी लीव पर स्वदेश लौट गए हैं, जबकि मोहम्मद शमी चोटिल होकर इस सीरीज से बाहर हो चुके हैं। इन दोनों की जगह क्रम से रविंद्र जडेजा और मोहम्मद सिराज की टीम में वापसी हुई है।

विंक म्यूजिक पर चल रही है सबसे बड़ी न्यू ईयर पार्टी

टोनी कक्कड़, यूफोरिया, सनम, डीजे अली मर्चेंट और निकिता गांधी विंक म्यूजिक पर 26 और 27 दिसंबर तक लाइव परफॉर्म करेंगे

नई दिल्ली। अपने इनोवेटिव नवरात्रि और दिवाली ऑनलाइन कंसर्ट्स की भारी सफलता के बाद भारत के ध्1 म्यूजिक स्ट्रीमिंग ऐप 'विंक म्यूजिक' टोनी कक्कड़, यूफोरिया, सनम, डीजे अली मर्चेंट और निकिता गांधी की लाइव परफॉर्मेन्स के साथ 26 और 27 दिसंबर को एक खास न्यू ईयर पार्टी होस्ट करने जा रहा है।

अपने घर के सुरक्षित माहौल में इन सभी शानदार कलाकारों के साथ अपने नए साल के जश्न को और ज्यादा खास बनाने के लिए विंक म्यूजिक ऐप के जरिए लोग इस कंसर्ट से जुड़ सकते हैं। ये सभी कलाकार अपने खास अंदाज में विंक के स्टेज पर अपनी पॉवर पैक लाइव परफॉर्मेंस के जरिए 2021 का स्वागत करेंगे। विंक स्टेज का इंटरएक्टिव ङ्क भी यूज़र्स को इन सभी कलाकारों के साथ रियल टाइम में मैसेज और अपने मनपसंद गाने की फरमाइश करके जुड़ने का मौका भी देगा।

विंक स्टेज सभी के लिए उपलब्ध है, जो लोग एयरटेल के सदस्य नहीं है, उनके लिए भी। कंसर्ट से जुड़ने के लिए विंक म्यूजिक (iOS, Android) डाउनलोड कर सकते हैं। सिर्फ29 रुपये में विंक प्रीमियम की एक महीने की सदस्यता लेकर इस कंसर्ट का लुफ्त उठाया जा सकता है। सभी एयरटेल थैंक्स और विंक म्यूजिक प्रीमियम ग्राहकों को इस ऑनलाइन कंसर्ट का फ्री एक्सेस मिलेगा।

AUSvIND | **एडिलेड टेस्ट मैच को जीतकर ऑस्ट्रेलिया की टीम सीरीज में 1-0 से आगे चल रही**

क्या मेलबर्न में टूट जाएगा टीम इंडिया का 88 साल पुराना रिकॉर्ड?

नई दिल्ली। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जा रही चार मैचों की सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच 26 दिसंबर से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा। एडिलेड टेस्ट मैच को जीतकर ऑस्ट्रेलिया की टीम सीरीज में 1-0 से आगे चल रही है। टीम इंडिया ने बॉक्सिंग-डे टेस्ट मैच के लिए अपने प्लेइंग इलेवन का ऐलान कर दिया है। शुभमन गिल, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज और ऋषभ पंत को टीम में शामिल किया गया है। हालांकि, केएल राहुल को टीम में जगह नहीं दी गई है। मेलबर्न के मैदान पर जब टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैदान पर उतरेगी, तो उसके सामने टेस्ट क्रिकेट के अपने 88 साल पुराने रिकॉर्ड को कायम रखने की बड़ी चुनौती सामने होगी।

भारत की टीम ने साल 2020 में अबतक खेले सभी टेस्ट मैच गंवाए हैं। यानी टीम इंडिया इस साल ना तो एक भी टेस्ट में जीत हासिल कर सकी है और ना ही टीम ने कोई मैच ड्रॉ खेला है। भारत के टेस्ट क्रिकेट इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ है कि एक साल के दौरान टीम ने सभी टेस्ट मैचों में हार का सामना किया हो। ऐसे में मेलबर्न में अजिंक्य रहाणे और उनकी सेना के सामने 88 साल पुराने रिकॉर्ड को बचाने की चुनौती होगी। भारत को इस रिकॉर्ड को कायम रखने के लिए मेलबर्न में होने वाले टेस्ट मैच को कम से कम ड्रॉ जरूर करवाना होगा।

बांग्लादेश की टीम टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा पांच साल एक भी टेस्ट मैच जीतने या ड्रॉ कराने में नाकाम रही है। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर साउथ अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, और जिम्बाब्वे का नाम शामिल है, जिन्होंने तीन साल क्रिकेट के सबसे लंबे फॉर्मेट में एक भी मैच में जीत हासिल नहीं की है और ना ही एक भी ड्रॉ खेला है। इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज और श्रीलंका भी इस शर्मनाक रिकॉर्ड को अपने नाम कर चुकी हैं। भारत को एडिलेड टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के चलते 8 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। टीम इंडिया दूसरी पारी में महज 36 रन ही बना सकी थी, जो कि टीम का टेस्ट क्रिकेट का अबतक का सबसे कम स्कोर भी है।

प्लेइंग XI में केएल राहुल और हनुमा विहारी को नहीं मिली जगह, ट्विटर पर फूटा फैन्स का गुस्सा

नई दिल्ली। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जा रही चार मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मैच 26 दिसंबर से मेलबर्न में खेला जाएगा। टीम इंडिया ने बॉक्सिंग-डे टेस्ट मैच के लिए अपने प्लेइंग इलेवन का ऐलान कर दिया है। शुभमन गिल, मोहम्मद सिराज, ऋषभ पंत और रवींद्र जडेजा को टीम में शामिल किया गया है। शुभमन गिल और मोहम्मद सिराज टेस्ट क्रिकेट मे अपना डेब्यू करते नजर आएंगे। हालांकि, केएल राहुल को प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं दी गई है, जबकि हनुमा विहारी को भी टीम से बाहर कर दिया गया है। इन दोनों खिलाड़ियों को प्लेइंग इलेवन में शामिल नहीं किए जाने के बाद ट्विटर पर फैन्स का गुस्सा फूट पड़ा है।

बॉक्सिंग-डे टेस्ट मैच के लिए केएल राहुल का प्लेइंग इलेवन में शामिल होने लगभग तय माना जा रहा था। विराट कोहली के ना होने पर कई क्रिकेट दिग्गजों ने राहुल को मिडिल ऑर्डर में खेलने में आजमाने की सलाह भी दी थी। केएल राहुल का प्रदर्शन पिछले एक-सालों में काफी बढ़िया रहा है और यही वजह है कि उनको टीम में जगह नहीं दिए जाने से तमाम क्रिकेट फैन्स काफी नाराज हैं। एडिलेड टेस्ट मैच में बल्ले से कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले हनुमा विहारी को भी बाहर कर दिया गया है। विहारी का प्रदर्शन पिछले दौरों में अच्छा रहा था।

पहले टेस्ट मैच में बल्ले से दोनों पारियों में विफल रहे पृथ्वी शॉ को दूसरे टेस्ट मैच में मौका नहीं दिया गया है। नियमित कप्तान विराट कोहली के जाने के बाद उनके स्थान पर रविंद्र जडेजा को टीम में रखा गया है। वहीं, गेंदबाजी में मोहम्मद शमी के चोटिल होकर बाहर होने के बाद उनकी जगह मोहम्मद सिराज को टीम में जगह दी गई है।

मोवा गोठान केन्द्र में जैविक खाद कंडों के निर्माण के साथ जैविक खेती भी की जा रही

रायपुर। मुख्यमंत्री की महत्वकांक्षी योजना नरूवा, घुरूवा बारी तथा गोधन न्याय योजना के तहत जोन क्रमांक-3 के अंतर्गत स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा मोवा गोठान केन्द्र में जैविक खाद कंडों के निर्माण के साथ्थ जैविक खेत जिसमें गोभी, भिंडी, नवलगोल, सरसों, पालक, मुली, टमाटर, मिर्ची, धनिया, पत्तागोंभी आदि की पैदावार भी की जा रही है, जिससे आम जनता को वर्मी खाद के द्वारा पैदा भी की जा रही है, जिससे आम जनता को वर्मी खाद के द्वारा पैदा की जा रही हरी सब्जियां भी उपलब्ध हो सकेंगीं।

मंत्री अमरजीत भगत 27 को अर्जुनी में

भाटापारा। 27 दिसम्बर को ग्राम अर्जुनी में आदिवासी समाज के द्वारा अमर शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस मनाया जा रहा है जिसमे छत्तीसगढ़ के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं सांस्कृतिक मंत्री अमर जीत भगत आदिवासी समाज के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सामिल होंगे। इस अवसर पर माननीय अतिथि का गणेश सिंह धुव के नेतृत्व में युवा साथियो के द्वारा शहर के प्रवेश द्वार नाका नम्बर पर स्वागत किया जायेगा।

मंत्री का शहर में स्वागत पश्चात मोटरसाइकिल रैली से ग्राम टोना टार में शहीद धनंजय वर्मा के मूर्ति में माल्यार्पण कर ग्राम अर्जुनी मैं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अमर जीत भगत खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं सांस्कृतिक मंत्री कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यसभा सांसद श्रीमती फूलों देवी नेताम विशेष अतिथि के रुप में जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में आदित्य भगत प्रदेश महामंत्री युवा कांग्रेस गणेश सिंह ध्रुव प्रदेश सचिव छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी टेक सिंह नेताम अध्यक्ष मौली महासभा श्रीमती भागमती शंकर दयाल ध्रुव जिला पंचायत सदस्य आसाराम सरपंच ग्राम पंचायत टोपा कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में शामिल होंगे।

सस्ता है इसलिए अच्छा है प्लास्टिक बैग

मांग बढ़ी तो कीमत भी बढ़ी

भाटापारा। सस्ता है, फिर भी फिलहाल अच्छा है। समर्थन मूल्य पर धान बेचने से पहले बारदानों की खरीदी करने पहुंच रहे किसानों के बीच प्लास्टिक के बैग सबसे ज्यादा मांग में बने हुए हैं। समितियों के पास बारदाना की पहुंच नहीं होने के बाद पहली बार शक्कर ,आटा ,मैदा ,पशु आहार की पैकिंग करने के काम आने वाले यह प्लास्टिक बैग पहले उपयोग के बाद सीधे उस बाजार में पहुंच बना चुके हैं जहां इस समय किसान ही एकमात्र खरीददार है।

पश्चिम बंगाल में पटसन की खेती को व्यापक नुकसान के बाद आज देश का हर राज्य जूट और जूट बैग की भारी कमी का सामना कर रहा है। फिलहाल छत्तीसगढ़ में इसका व्यापक असर पड़ चुका है। जहां समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जा रही है।बारदानों की कमी के बीच किसान द्वारा लाई जा रही उपज बारदाना सहित ली जाएगी, बदले में बारदाना की राशि दी जाएगी जैसे फैसले के बाद बारदाना बाजार मांग के दबाव में आ चुका है। असर यह कि सीमित उपलब्धता के बीच सेकंड हैंड बैग की कीमतों में तेजी आ चुकी है। यह आने वाले दिनों में और बढ़ेंगे। ऐसे स्पष्ट संकेत मिलने लगे हैं।

3 किस्म के प्लास्टिक बैग

जूट बैग की सीमित उपलब्धता के बाद सेकंड हैंड प्लास्टिक बैग में इस समय शक्कर ,आटा ,मैदा और पोल्ट्री फॉर्म से निकलने वाले बैग मांग में बने हुए हैं। भार वहन क्षमता में 50 किलो की क्षमता वाले शक्कर, मैदा और आटा के प्लास्टिक बैग 13 से 15 रुपए प्रति नग की दर पर बेचे जा रहे हैं। नए नियम के पहले तक इनकी बिक्री 9 से 10 रुपए प्रति नग की दर पर की जा रही थी। पोल्ट्री फॉर्म से निकलने वाले बैग की कीमत भी 13 से 14 रुपए प्रति नग है। दूसरे अन्य की तुलना में इसमें मजबूती ज्यादा होने से इसकी भी खरीदी जोर पकड़ चुकी है।

आ सकती है यह समस्या

प्लास्टिक बैग में अनाज के ज्यादा दिन के भंडारण से गुणवत्ता में कमी आने की पूरी आशंका है। वैसे भी अनाज के लिए जूट बैग को ही सही माना गया है क्योंकि इस तरह के बैग में हवा की मात्रा अनाज तक पहुंचती है जबकि प्लास्टिक बैग में ऐसा नहीं होता। छिद्ररहित होने की वजह से ऐसे पैकिंग में अनाज की गुणवत्ता खराब होने की समस्या तब सामने आएगी जब संग्रहण केंद्रों में रखे जाने के बाद तय सीमा के भीतर उठाव नहीं हो पाएगा।

फैसले से टूटा नया का बाजार

बारदाना बाजार में नया बारदाना की उपलब्धता मांग से कुछ कम है लेकिन धान के साथ बारदाना की भी खरीदी के नियम के बाद नए जूट बैग का मार्केट लगभग टूट चुका है। इसलिए सेकंड हैंड जूट बैग की उपलब्धता यह बाजार बढ़ा चुका है। खरीदी की राह में सिर्फ एक बाधा बन रही है, वह है प्लास्टिक बैग की तुलना में 3 गुना ज्यादा महंगा होना। इसलिए सेकंड हैंड जूट बैग का मार्केट जोर पकड़ चुका है लेकिन यह भी बढ़ी हुई कीमत पर मिल रहा है। इको फ्रेंडली होने के बावजूद मजबूरी में इसकी खरीदी से दूरी और प्लास्टिक बैग से नजदीकियां बनाई जा चुकी है। इस समय नया जूट बैग 40 किलो भरती वाला 40 से 45 रुपए तो यही जूट बैग सेकंड हैंड होने पर 26 रुपए में बेचा जा रहा है।

सट्टा पट्टी के साथ 6 आरोपी गिरफ्तार

भाटापारा। ग्राम मुड़पार (संडी) में अलग-अलग जगहों पर रूपये पैसे का हार जीत का दांव लगाकर सट्टा जुआ खिलाते 6 लोगो को पलारी पुलिस ने पकड़कर उनके खिलाफजुवा एक्ट के तहत कार्यवाही की है। थाना प्रभारी पलारी निरीक्षक सी आर चंद्रा ने बताया की मुखबीर क8 सुचना पर सहा उप निरीक्षक जग सिंह ठाकुर, प्रआर अशुंमान पांडेय, आरक्षक ईश्वर ज्योति, खिलेश्वर वर्मा, संतराम बंजारे द्वारा अलग अलग टीम बनाकर मूखबीर के बताये जगहों पर रेड कार्यवाही किया गया, जहॉ सट्टा खिला रहे आरोपी 1. महेश साहू पिता राम कुमार साहू उम्र 22 साल के कब्जे से एक डाट पेन, दो पन्नों में अंको में लिखा सट्टा पट्टी लिखा कागज एवं नगदी रकम 350/रू 2. अशोक कुमार बंजारे पिता देवादास बंजारे उम्र 35 साल से डाट पेन, सट्टा लिखा कागज एवं नगदी रकम 1030/रू 3. योगेश कुमार साहू पिता राजेन्द्र कुमार साहू उम्र 26 साल डाट पेन, सट्टा लिखा कागज एवं नगदी रकम 370/रू 4. शैलेन्द्र जांगड़े पिता पंचराम जांगड़े उम्र 30 साल से डाट पेन, सट्टा पट्टी कागज एवं नगदी रकम 320/रू 5.रमेश पटेल पिता छोटू राम पटेल उम्र 41 साल से डाट पेन, सट्टा पट्टी कागज एवं नगदी रकम 960/रू 6.रामकुमार साहू पिता मंगतूराम साहू उम्र 53 साल से डाट पेन, सट्टा लिखा कागज एवं नगदी रकम 1050 /रू जप्त किया गया।

शिकायत के बाद भी नही हुआ काम, तो पार्षद नीतू कोठारी ने स्वयं के खर्च से मार्ग पर बनवाया स्लैब

बेमेतरा। नगर पालिका बेमेतरा में पिछले दिनों नयापारा के सार्वजनिक शौचालय के ठीक सामने गली सुधार के लिए उखाड़े गए पत्थर वसीम एंटी स्लिप को लगभग 20 दिनों से नहीं लगाया गया था। जिससे लोगों को आने जाने में काफी असुविधा हो रही थी। नगर पालिका के सुधार के इस काम में लेटलतीफी होने के कारण वार्ड वासियों ने वार्ड क्रमांक 17 व 18 के पार्षदो एवं नगर पालिका में इसकी शिकायत भी की थी, परंतु अभी तक नहीं बन पाने के कारण वार्ड वासियों को आने जाने में अनेक परेशानियों का सामना पड़ रहा था, इस परेशानी को आम जनता ने सोशल मीडिया में शेयर करते हुए जैसे ही बीजेपी पार्षद नीतू कोठारी को क्या शिकायत मिली, उन्होंने तत्काल स्वयं की खर्च से मार्ग पर स्लैब बनवाय, जिससे आम नागरिकों आने जाने में सुविधा हो सके। इस कार्य में सुरेश तनमने, शुभम परमार, सौरभ परमार, आदित्य पाण्डेय क़ा विशेष सहयोग रहा।

न्यायालय नजूल अधिकारी, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./ई.पंजी. 202012082200043
अ 20 (1), वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर नजूल कवर्धा स्थित शीट क्रमांक 16 ए, भूखंड क्र. 84, क्षेत्रफल 36.00 वर्गमीटर भूखण्ड नजूल जांच रजिस्टर वर्ष 1974-75 में अजय प्रसाद पाण्डे साकिन कवर्धा के नाम पर दर्ज है। मूल धारक अजय प्रसाद पाण्डे एवं उनके दो पुत्र विकास पाण्डे व प्रकाश पाण्डे की मृत्यु दिनांक क्रमशः 26.04.2000 व 01.04.2014 एवं 29.05.2015 को हो चुकी है। उक्त भूखण्ड को आवेदक कैलाश पाण्डे आ. स्व. श्री अजय पाण्डे के द्वारा वारिसान हक से अपने नाम पर निर्धारण करवाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जिसकी सुनवाई दिनांक 6/1/2021 को नियत की गई है।

